संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक-120 शुक्रवार, 01 मार्च 2024, पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# मुफ्त बिजली योजना को कैबिनेट की मंजूरी




## सोलर प्लांट लगने के बाद सब्सिडी कैसे मिलेगी ?

जब सोलर प्लांट लग जाएगा और डिस्कॉम नेट मीटरिंग इंस्टॉल कर देगी तो इसका प्रमाण और सर्टिफिकेट पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। इसके बाद सरकार कंज्यूमर के अकाउंट में डीबीटी के तहत सब्सिडी की पूरी राशि ट्रांसफर कर देगी।

## क्या इस योजना में 300 यूनिट बिजली फ्री मिलेगी ?

1केडब्ल्यू का सोलर प्लांट रोजाना करीब 4-5 यूनिट बिजली बनाता है। ऐसे में अगर आप 3केडब्ल्यू का प्लांट लगाते हैं तो रोजाना करीब 15 यूनिट बिजली बनेगी। यानी महीने में 450 यूनिट।आप इस बिजली का इस्तेमाल कर सकते हैं। बची हुई बिजली नेट मीटरिंग के जरिए वापस चली जाएगी और आपको इस बिजली का पैसा भी मिलेगा। सरकार का कहना है कि साल में करीब 15,000 रुपए आप इस बिजली से कमा सकते हैं।

### 1 करोड़ घरों को 300-300 यूनिट मुफ्त बिजली मिलेगी, सालाना 15 हजार इनकम भी होगी...

**नई दिल्ली,29 फरवरी 2024 (ए)।** मोदी कैबिनेट ने गुरुवार 29 फरवरी को पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना को मंजूरी दे दी। इस योजना के तहत 1 करोड़ घरों को 300-300 यूनिट मुफ्त बिजली मिलेगी। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट के फैसलों की जानकारी दी।अनुराग ठाकुर ने सूर्यघर योजना के बारे में बताते हुए कहा कि इसके तहत रूफ टॉप सोलर पैनल लगाने वाले एक करोड़ परिवारों को 15 हजार रुपए की सालाना आमदनी भी होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 13 फरवरी 2024 को इस योजना को लॉन्च किया था।

### सोलर प्लांट लगाने में कितना खर्च आएगा ?

इस योजना में हर परिवार के लिए 2 केडब्ल्यू तक के सोलर प्लांट की कॉस्ट का 60 प्रतिशत पैसा सब्सिडी के रूप अकाउंट में आएगा। वहीं अगर कोई 3 केडब्ल्यू का प्लांट लगाना चाहता है तो अतिरिक्त एक 1केडब्ल्यू के प्लांट पर 40 प्रतिशत सब्सिडी मिलेगी।3 केडब्ल्यू का प्लांट लगाने में करीब 1.45 लाख रुपए की लागत आएगी। उसमें से 78 हजार रुपए की सब्सिडी सरकार देगी। बचे हुए 67,000 रुपए के लिए सस्ते बैंक लोन की व्यवस्था सरकार ने की है। बैंक रेपो रेट से केवल 0.5 प्रतिशत ज्यादा ही ब्याज वसूल सकेंगे।

### सोलर प्लांट लगाने के लिए क्या करना होगा ?

योजना के लिए सरकार ने नेशनल पोर्टल लॉन्च किया है। इसे लगवाने के लिए कंज्यूमर पोर्टल पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। यहां आपको अपना कंज्यूमर नंबर, नाम, पता और कितनी कैपेसिटी का प्लांट लगाना है जैसी जानकारियां भरनी होंगी। डिस्कॉम कंपनियां इन डिटेल्स को वैरिफाई करेंगी और प्रोसेस आगे बढ़ाएंगी। पोर्टल पर कई सारे वेंडर पहले से रजिस्टर्ड हैं जो सोलर पैनल लगाते हैं। आप अपने हिसाब से कोई भी वेंडर चुन सकते हैं।



# बाबा रामदेव की कम्पनी पतंजलि को लगा बड़ा झटका

### 100 मिनट में डूब गए 2300 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली,29 फरवरी 2024 (ए)।** बाबा रामदेव की कंपनी पतंजलि को आज करोड़ों का झटका लगा है। आज सुबह पतंजलि फूड्स के शेयरों में करीब 4 फीसदी की गिरावट देखने को मिली जिससे केवल 105 मिनट में रामदेव की कंपनी को करीब 2300 करोड़ रुपए का नुकसान हो गया। दरअसल कल ही सुप्रीम कोर्ट ने भ्रामक विज्ञापनों के कारण पतंजलि को अवमानना नोटिस जारी किया था।12 बजे के आसपास सेंसेक्स 481.01 अंक या 0.66 प्रतिशत नीचे 72,614.21 पर और निफ्टी 159.40 अंक या 0.72 प्रतिशत नीचे 22,038.90 पर दिख रहा था। लगभग 669 शेयर बढ़े और 2550 शेयर गिरे थे। वहीं, 61 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ था। पतंजलि फूड्स लिमिटेड के शेयरों में पिछले एक साल में अच्छी तेजी आई है। पतंजलि फूड्स के शेयर एक साल में 65 प्रतिशत से अधिक चढ़ गए हैं। कंपनी के शेयर 28 फरवरी 2023 को 925 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 28 फरवरी 2024 को 1536 रुपये पर पहुंच गए हैं।

# मध्यप्रदेश के डिंडोरी में हुआ भीषण सड़क हादसा





- » पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलटा
- » 14 लोगों की मौत
- » 20 से अधिक घायल

**डिंडोरी,29 फरवरी 2024 (ए)।** मध्यप्रदेश के डिंडोरी जिले में सवारी वाहन पलट जाने से 14 लोगों के मौत हो गई और 20 से ज्यादा लोग घायल हो गए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए प्रभावितों को मदद का ऐलान किया है। सुबह बिछिया थाना क्षेत्र में एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार हादसे में 14 लोगों की मौत हो गई और 20 से ज्यादा लोग घायल हैं। उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुर में भर्ती कराया गया है। मृतकों में 6 पुरुष और 8 महिलाएं शामिल हैं। सभी की उम्र 16 से 60 वर्ष के बीच है। 10 शव अम्हाई देवरी, दो पोंदी और एक-एक शव धमनी व सजनिया ले जाए गए हैं।बताया गया है कि अमाही देवरी गांव के लोग मंडला जिले के मसूर घोघरी गांव में एक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। वहां से लौटने के दौरान उनका पिकअप वाहन पलट गया और कई फीट नीचे खेत में जा गिरा। हादसे पर राज्य के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शोक व्यक्त किया है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति व परिजनों को दुख सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि घटना में हताहत लोगों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने जिला प्रशासन को घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं।

### सड़क हादसे पर राष्ट्रपति,प्रधानमंत्री समेत कई नेताओं ने जताया दुख



मध्य प्रदेश के डिंडौरी में हुए भीषण सड़क हादसे पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई नेताओं ने दुख जताया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हादसे पर दुख जाहिर करते हुए लिखा, मध्य प्रदेश के डिंडौरी जिले में हुई सड़क दुर्घटना में अनेक लोगों के हताहत होने का समाचार अत्यंत पीड़ादायक है। मैं शोक संतप्त परिवारजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करती हूं। मेरी प्रार्थना है कि हादसे में घायल सभी लोग शीघ्र स्वस्थ हों।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने लिखा, मध्य प्रदेश के डिंडौरी जिले के बड़झर घाट पर हुए दुखद हादसे में लोगों की मृत्यु से अत्यंत दुख हुआ। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। प्रधानमंत्री कार्यालय की तरफ से एक्स पर लिखा गया, मध्य प्रदेश के डिंडोरी में हुई सड़क दुर्घटना अत्यंत दुखद है। मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। ईश्वर उन्हें इस कठिन समय में संबल प्रदान करें। इसके साथ ही मैं सभी घायल लोगों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। राज्य सरकार की देखरेख में स्थानीय प्रशासन पीड़ितों की हरसंभव सहायता में जुटा है।

गृह मंत्री अमित शाह ने भी सड़क हादसे पर दुख जाहिर किया। उन्होंने एक्स पर लिखा, हादसे में असमय जान गंवाने वालों के परिजनों के प्रति संवेदनाएं प्रकट करता हूं। ईश्वर उन्हें दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें। स्थानीय प्रशासन द्वारा हताहतों को हर संभव मदद पहुंचाई जा रही है। घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

# शाहजहां शेख 55 दिन बाद गिरफ्तार

### संदेशखाली केस का मुख्य आरोपी ईडी टीम पर हमले के बाद से था फरार



**कोलकाता,29 फरवरी 2024(ए)।** संदेशखाली में प्रवर्तन निदेशालय और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के जवानों पर हमले के 55 दिन बाद, पुलिस ने घटना के मास्टरमाइंड तृणमूल कांग्रेस के स्थानीय नेता शेख शाहजहां को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि पुलिस उसकी गिरफ्तारी के समय और स्थान पर चुप्पी साधे हुए हैं। गौरतलब है कि कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश टी.एस. शिवगणनम ने कहा था कि राज्य या केंद्र की किसी भी एजेंसी को शाहजहां को गिरफ्तार करने का अधिकार है, उसके खिलाफ कुछ वर्षों से स्थानीय लोगों के उत्पीड़न की शिकायतें मिल रही हैं।

# जग्गी हत्याकांड के मामले की सुनवाई हुई पूरी

### कोर्ट ने फैसला रखा सुरक्षित

**रायपुर,29 फरवरी 2024 (ए)।** हाईकोर्ट, बिलासपुर में आज बहुचर्चित राम अवतार जग्गी हत्याकांड में सुनवाई हुई। इस दौरान लंबी बहस के बाद सुनवाई पूरी हुई और फैसला सुरक्षित रख लिया गया।

### जोगी के शासनकाल में हुई थी जग्गी की हत्या



साल 2003 में हीरा कारोबारी और एनसीपी नेता राम अवतार जग्गी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी के बेटे अमित जोगी सहित 25 लोगों को आरोपी बनाया गया था, जिसमें अमित जोगी को बाइज्जत बरी कर दिया गया था और 24 लोगों पर आरोप सिद्ध कर उन्हें सजा सुनाई गई थी।

### अमित जोगी को बरी करने को लेकर है याचिका

बता दें कि राम अवतार जग्गी के बेटे सतीश जग्गी ने पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी के बेटे अमित जोगी को मामले में बाइज्जत बरी होने के फैसले को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर की है, जिस पर सुनवाई चल रही थी। इस दौरान अमित जोगी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर सुनवाई पर रोक की मांग की, जिसके बाद मामले में छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट पर सुनवाई रुकी हुई थी। सुप्रीम कोर्ट से सुनवाई के आदेश मिलने के बाद 4 दिन पहले इस मामले में सुनवाई शुरू की गई। लगातार चार दिनों तक मामले में सुनवाई चलती रही। सुनवाई पूरी होने के बाद फ़िलहाल फैसला सुरक्षित रखा गया है।

# हिमाचल में कांग्रेस के सभी 6 बागी विधायक अयोग्य घोषित

### व्हिप के उल्लंघन पर स्पीकर ने लिया एक्शन



**शिमला,29 फरवरी 2024(ए)।** हिमाचल प्रदेश के छह बागी विधायकों पर बड़ा एक्शन हुआ है। सभी छह विधायकों की विधायिकी बर्खास्त कर दी गई है। हिमाचल विधानसभा के स्पीकर कुलदीप सिंह पठानिया ने शिमला में प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी। कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि तीन पेज का एक डिटेल ऑर्डर जारी किया गया है। स्पीकर कुलदीप पठानिया ने कहा कि मैंने ट्रिब्यूनल के तहत यह फैसला किया है।

कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि छह माननीय जो हमारे हैं, उन्होंने चुनाव कांग्रेस पार्टी से लड़ा था। एंटी डिफेक्शन लॉ की पटीशन दायर हुई है। इसी संदर्भ में याचिका संसदीय मंत्री की तरफ से आई है। सभी बागियों को सुनवाई का मौके दिए गए। विरोधी वकील को कहा कि नौ बजे तक सुनवाई चल सकती थी लेकिन छह बजे तक सुनवाई हुई और रिकॉर्ड पेश किया गया। वकील सतपाल जैन ने समय मांगा था। फैसले के बारे में पठानिया ने कहा कि फैसला पब्लिक डोमेन में हैं।

पठानिया ने कहा कि व्हिप जारी किया गया था। विधायक सदन में मौजूद नहीं थे। बजट के दौरान भी नहीं मौजूद थे। सनुवाई के दौरान भी ये विधायक व्यक्तिगत तौर पर पेश नहीं हुए हैं। स्पीकर ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट और अन्य कोर्टों के पूर्व में हुए फैसलों का अध्ययन किया गया और फैसला दिया गया है। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के छह विधायक बागी हुए हैं। इनमें धर्मशाला से विधायक सुधीर शर्मा, सुजानपुर के राजिंदर राणा, हमीरपुर के बड़सर से इंद्र दत्त लखनपाल, ऊना के गगरेट से चैतन्य शर्मा, ऊना के कुटलेहड़ से देवेंद्र कुमार भुट्टो और लाहौल स्पीति से रवि ठाकुर शामिल हैं। इन सभी छह कांग्रेस विधायकों ने राज्यसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी हर्ष महाजन के पक्ष में वोट डाला था। साथ ही ये बजट पास करने के दौरान भी सत्र में नहीं पहुंचे थे, जबकि व्हिप जारी किया गया था।

# सुप्रीम कोर्ट ने 2018 में दिए अपने ही फैसले को पलटा



**नई दिल्ली,29 फरवरी 2024 (ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने आज एक अहम फैसला सुनाया है। उसके आदेश में कहा गया है कि ट्रायल कोर्ट या हाई कोर्ट द्वारा पारित स्थगन आदेश छह महीने के बाद स्वचालित रूप से समाप्त नहीं किया जा सकता है। इससे स्थगन आदेश की अवधि बढ़ जाएगी और अदालत खुद ही किसी मामले पर लगी रोक हटा सकेगी। अदालतों को मामलों के निपटारे के लिए समय सीमा तय करने से बचना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि असाधारण परिस्थितियों में ऐसा किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले में यह भी माना है कि सिविल और आपराधिक मामलों में स्थगन आदेश 6 महीने के बाद स्वचालित रूप से समाप्त नहीं होते हैं जब तक कि आदेशों को विशेष रूप से बढ़ाया न जाए।सुप्रीम कोर्ट ने 2018 में दिए अपने ही फैसले को पलट दिया है। इसके फैसले में कहा गया है कि उच्च न्यायालयों और अन्य अदालतों द्वारा दीवानी और आपराधिक मामलों में पारित अंतरिम आदेश छह महीने की अवधि के बाद स्वचालित रूप से समाप्त हो जाएंगे, यदि आदेश को विशेष रूप से बढ़ाया नहीं गया है। सुप्रीम कोर्ट ने इस फैसले को खारिज करते हुए उपरोक्त फैसला सुनाया।

# छत्तीसगढ़ सिविल सेवा संविदा नियुक्ति के नियम में बदलाव



**रायपुर,29 फरवरी 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम 2012 में संशोधन किया गया है। राजपत्र में प्रकाशन के साथ ही नया नियम लागू कर दिया गया है, जिसमें संविदा नियुक्ति के लिए पात्रता नहीं बल्कि अपात्रता की शर्तें तय की गई है। पूर्ववर्ती भूपेश बघेल सरकार ने सितंबर 2023 में नियम में संशोधन कर इन शर्तों को हटा दिया था।छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम 2012 में किए गए संशोधन में ऐसे लोगों को नियुक्ति का पात्र नहीं माना गया है, जिनके खिलाफ किसी तरह की विभागीय जांच चल रही हो या मुकदमा चल रहा हो या फिर गोपनीय चरित्रावली उच्च स्तर की न हो या कोई अभ्यावेदन लंबित हो तो वह संविदा नियुक्ति के पात्र नहीं होगा। पूर्ववर्ती भूपेश बघेल सरकार ने सितंबर 2023 में नियम में संशोधन कर इन शर्तों को हटा दिया था। तब यह बात चर्चा में आई थी कि सेवानिवृत्त आईएएस आलोक शुक्ला और अनिल टुटेजा की नियुक्ति के लिए इस तरह का संशोधन किया गया है। दोनों ही अधिकारी के विरुद्ध जांच लंबित थी। किसी तरह की क़ानूनी चुनौती से बचने के लिए छत्तीसगढ़ सिविल सेवा(संविदा नियुक्ति) में नियमों में संशोधन किया गया था।

# राजश्री सद्भावना समिति के लिए सामुदायिक भवन पर लगा ताला खोलने का दिया कोर्ट ने आदेश



**रायपुर/बिलासपुर,29 फरवरी 2024(ए)।** राजश्री सद्भावना समिति द्वारा सामुदायिक भवन में कब्जा का मामला हाई कोर्ट में है। ऐसे में राजश्री सद्भावना समिति प्रकरण में आज हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। नगर निगम ने सामुदायिक भवन पर लगा रखा था ताला। राजश्री सद्भावना समिति के लिए सामुदायिक भवन पर लगा ताला खोलने का दिया कोर्ट ने आदेश।
मामले पर आज हाईकोर्ट में हुई सुनवाई। कोर्ट ने स्टे देते हुए ताला खोलने के दिए आदेश। मामले की अगली सुनवाई 13 मार्च को होगी। राजश्री सद्भावना समिति की अध्यक्ष शकुन डहरिया ने कहा- अभी हम सामुदायिक भवन का उपयोग नहीं करेंगे, जब तक हाईकोर्ट का अंतिम निर्णय न आ जाए।

# उपमुख्यमंत्री को जान से मारने की धमकी देने वाला अपराधी गिरफ्तार



**मुंबई,29 फरवरी 2024(ए)।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्रीऔर भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस को जान से मारने की धमकी देने और उनके खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग करने के मामले में मुंबई पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। मुंबई की सांताक्रुज पुलिस स्टेशन ने आरोपी योगेश सावंत को गिरफ्तार किया है। आरोपी योगेश सावंत को नवी मुंबई इलाके से गिरफ्तार कर आज कोर्ट में पेश किया गया, जहां कोर्ट ने उसे 14 दिनों के लिए जुडिशियल कस्टडी में भेज दिया है।

संपादकीय

## भारत पर पश्चिमी प्रतिबंधों की आंच

एआई 2 माइक्रोसिस्टम्स एवं अन्य कंपनियों पर लगे प्रतिबंधों का भारत पर क्या असर होगा, इसका भारत सरकार अभी आकलन कर रही है। इस बीच मीडिया में ऐसी खबरें भी आई हैं कि भारत का रूस से कच्चे तेल का आयात नए प्रतिबंधों से प्रभावित होने लगा है।रूस पर लगे नए पश्चिमी प्रतिबंधों की आंच भारत तक पहुंच गई है। रूस में विपक्षी नेता एलेक्सी नवालनी की मौत और यूक्रेन युद्ध के दो साल पूरा होने के मौके पर अमेरिका और यूरोपियन यूनियन (ईयू) ने रूस और उससे कारोबार कर रही विदेशी कंपनियों पर नए प्रतिबंध लगा दिए। इस बार उन्होंने भारतीय कंपनियों को नहीं बख्शा, जबकि उसके पहले तक आम तौर पर रूस पर लगे प्रतिबंधों से भारत अछूता रहा था। ईयू के ताजा प्रतिबंधों के दायरे में सेमीकंडक्टर अनुसंधान से जुड़ी चेन्नई स्थित कंपनी एआई2 माइक्रोसिस्टम्स भी आई है।इस कंपनी की भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना तकनीक मंत्रालय के साथ सहभागिता है। इस रूप में कहा जा सकता है कि परोक्ष रूप से ईयू के प्रतिबंधों के दायरे में भारत सरकार भी आ गई है। एआई2 माइक्रोसिस्टम्स के रूसी कंपनियों के साथ कारोबारी रिश्ते बताए जाते हैं। एक अखबार की खबर के मुताबिक उस पर एवं अन्य कंपनियों पर लगे प्रतिबंधों का भारत पर क्या असर होगा, इसका भारत सरकार अभी आकलन कर रही है।इस बीच मीडिया में ऐसी खबरें भी आई हैं कि भारत का रूस से कच्चे तेल का आयात नए प्रतिबंधों से प्रभावित होने लगा है। गुजरे दो साल में रूस के सस्ते कच्चा तेल को शोधित कर विश्व बाजार में बेचना कई भारतीय कंपनियों के लिए बेहद लाभकारी साबित हुआ। लेकिन आम अंदाजा है कि 2024 में इसे जारी रख पाना कठिन हो जाएगा। तो अब बड़ी तस्वीर यह उभरती है कि भू-राजनीतिक कारणों से पश्चिमी देश अब तक भारत के साथ जो खास रियायत बरत रहे थे, वह दौर अब गुजर रहा है।हाल में अन्य मामलों में भी दिखा है कि पश्चिमी देशों का भारत के प्रति रुख अचानक सख्त होने लगा है। संभवतः इसका कारण यह हो सकता है कि भू-राजनीतिक टकराव में अपने हक में भारत जिस भूमिका की उम्मीद उन्होंने बांधी थी, भारत ने उसके मुताबिक चलने से इनकार कर दिया। भारत संभवतः अपने हितों को साधने के लिए पश्चिम के करीब जा रहा था। इन दोनों मकसदों में टकराव का असर अब देखने को मिल रहा है।

# अधिकतम मतदान के जरिये ही देश की राजनीति को सुधारा जा सकता है

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम से तीन माह के लिए विराम लेते हुए लोकतंत्र के महाकुंभ चुनाव में पहली बार वोटर बने युवाओं से रिकार्ड संख्या में मतदान का आग्रह किया। अधिकतम संख्या में मतदान लोकतंत्र की जीवंतता का प्रमाण होने के साथ लोकतंत्र के बलशाली होने का आधार हैं और जनता की सक्रिय भागीदारी का सूचक है। इस बार लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की संख्या लगभग 97 करोड़ है, इनमें बड़ी संख्या युवाओं की है। इसीलिये मोदी ने मतदान में युवाओं की सक्रिय भागीदारी का आह्वान करके एक जागरूक, सक्षम एवं जुझारु राजनेता का परिचय दिया है। अधिकतम मतदान भारतीय लोकतंत्र को अधिक स्वस्थ, सुदृढ़ एवं पारदर्शी बनाने की एक सार्थक मुहिम है। सभी मतदाताओं को मतदान के प्रति वैसा ही उत्साह दिखाना चाहिए जैसा कुछ समय से महिलाएं दिखा रही हैं। प्रधानमंत्री ने युवाओं से यह भी अपील की कि वे राजनीतिक गतिविधियों का हिस्सा बनें और राजनीतिक-चर्चाओं को लेकर जागरूक भी रहें। विशेषतः विभिन्न राजनीतिक दलों की लोकलुभावन घोषणाओं एवं चुनावी घोषणा पत्रों पर युवाओं को गहराई से जानकारी हासिल करना चाहिए कि इन घोषणाओं का आधार क्या है, इनके लिये धन कहां से आयेगा? चुनावी तैयारियों का जायजा लेने चेन्नई गए मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने इसी बात को उठाते हुए कहा है कि यदि राजनीतिक दलों को अपने घोषणापत्रों में लोकलुभावन वादे करने का अधिकार है तो मतदाताओं को यह जानने का हक भी है कि क्या वे वादे व्यावहारिक हैं और उन्हें लागू करने के लिए धन का प्रबंध कहां से किया जाएगा।

अगले माह लोकसभा चुनाव की संभावित घोषणा और उसके चलते आचार संहिता लागू हो जायेगी। अधिकतम मतदान लोकतंत्र में जन-भागीदारी का अवसर मात्र ही नहीं हैं, बल्कि देश की दशा-दिशा तय करने में आम आदमी के योगदान का भी परिचायक है। अधिकतम मतदान के लिए माहौल बनाने की आवश्यकता इसलिए है, क्योंकि देश के कुछ हिस्सों में मतदान प्रतिशत अपेक्षा से कहीं कम होता है। विडंबना यह है कि आमतौर पर कम प्रतिशत महानगरों में अधिक देखने को मिलता है। इसका कोई मतलब नहीं कि सरकारों अथवा राजनीतिक दलों के तौर-तरीकों की आलोचना तो बढ़-चढ़कर की जाए, लेकिन मतदान करने में उदासीनता दिखाई जाए। आमतौर पर मतदान न करने के पीछे यह तर्क अधिक सुनने को मिलता है कि मेरे अकेले के मत से क्या फर्क पड़ता है? एक तो यह तर्क सही नहीं, क्योंकि कई बार दो-चार मतों से भी हार-जीत होती है और दूसरे, अगर सभी यह सोचने लगें तो फिर लोकतंत्र कैसे सबल एवं सक्षम होगा? इस दृष्टि से प्रधानमंत्री मोदी का अधिकतम मतदान को प्रोत्साहन देने का उपक्रम एवं आह्वान एक क्रांतिकारी शुरुआत कही जा सकती है। इसका स्वागत हम इस सोच और संकल्प के साथ करें कि हमें अपने मतदान से आगामी आम चुनाव में भ्रष्टाचार, राजनीतिक अपराधीकरण एवं राजनीतिक विसंगतियों पर नियंत्रण करना है।



अधिकतम मतदान के संकल्प से हमें मतदान का औसत प्रतिशत 55 से 90-95 प्रतिशत तक ले जाना चाहिए, ताकि इस लक्ष्य को हासिल करके हम भारतीय राजनीति की तस्वीर को नया रुख दे सके। मतदान करना हर नागरिक का मौलिक अधिकार है और कर्तव्य भी है, लेकिन विडम्बना है हमारे देश की कि आजादी के 77 वर्षों बाद भी नागरिक लोकतंत्र की मजबूती के लिये निष्क्रिय है। ऐसा लगता है जमीन आजाद हुई है, जमीर तो आज भी कहीं, किसी के पास गिरवी रखा हुआ है। अधिकतम मतदान की दृष्टि से नरेन्द्र मोदी ने गुजरात में मुख्यमंत्री रहते हुए एक अलख जगाई थी। अनिवार्य वोट के लिये कानून लागू करना ही होगा और इस पहल के लिये सभी दलों को बाध्य होना ही होगा, क्योंकि भारतीय लोकतंत्र में यह नई जान फूंक सकती है। अब तक दुनिया के 32 देशों में अनिवार्य मतदान की व्यवस्था है लेकिन यही व्यवस्था अगर भारत में लागू हो गई तो उसकी बात ही कुछ और होगी और वह दुनिया के लिये अनुकरणीय साबित होगी। यदि ऐसा हुआ तो अमेरिका और ब्रिटेन जैसे पुराने और सशक्त लोकतंत्रों को भी भारत का अनुसरण करना पड़ सकता है, हालांकि भारत और उनकी परिस्थितियां एक-दूसरे के बिल्कुल विपरीत है। भारत में अमीर लोग वोट नहीं डालते और इन देशों में गरीब लोग वोट नहीं डालते।

भारत इस तथ्य पर गर्व कर सकता है कि जितने मतदाता भारत में हैं, दुनिया के किसी भी देश में नहीं हैं और लगभग हर साल भारत में कोई न कोई ऐसा चुनाव अवश्य होता है, जिसमें करोड़ों लोग वोट डालते हैं लेकिन अगर हम थोड़ा गहरे उतरें तो हमें बड़ी निराशा भी हो सकती है, क्या हमें यह तथ्य पता है कि पिछले 77 साल में हमारे यहां एक भी सरकार ऐसी नहीं बनी, जिसे कभी 50 प्रतिशत वोट मिले हों। कुल वोटों के 50 प्रतिशत नहीं, जितने वोट पड़े, उनका भी 50 प्रतिशत नहीं। गणित की दृष्टि से देखें तो 140 करोड़ की जनसंख्या वाले देश में सिर्फ 20-25 करोड़ लोगों के समर्थन वाली सरकार क्या वास्तव में लोकतांत्रिक सरकार है? क्या वह वैध सरकार है? क्या वह बहुमत का प्रतिनिधित्व करती है? आज तक हम ऐसी सरकारों के आधीन ही रहे हैं, इसी के कारण लोकतंत्र में विषमताएं एवं विसंगतियों का बाहुल्य रहा है, लोकतंत्र के नाम पर यह छलावा हमारे साथ होता रहा है। इसके जिम्मेदार जितने राजनीति दल है उतने ही हम भी है। यह एक त्रासदी ही है कि हम वोट महोत्सव को कमतर आंकते रहे हैं। जबकि आज यह बताने और जताने की जरूरत है कि इस भारत के मालिक आप और हम सभी हैं और हम जागे हुए हैं। हम सो नहीं रहे हैं। हम धोखा नहीं खा रहे हैं।प्रधानमंत्री ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने की अपील करते हुए यह सही कहा कि अधिक से अधिक मतदान का मतलब एक मजबूत लोकतंत्र है और मजबूत लोकतंत्र से ही विकसित भारत बनेगा, लेकिन अब ऐसी व्यवस्था एवं तकनीक विकसित करने का भी समय आ गया है जिससे अपने गांव-शहर से दूर रहने वाले वहां जाए बगैर मतदान कर सकें। ध्यान रहे कि ऐसे लोगों की संख्या करोड़ों में है। रोजी-रोटी के लिए अपने गांव-शहर से दूर जाकर जीवनयापन करने वाले सब लोगों के लिए यह संभव नहीं कि वे मतदान करने अपने घर-गांव लौट सकें। यदि सेना और अर्धसैनिक बलों के जवानों के साथ-साथ चुनाव ड्यूटी में शामिल लोगों के लिए वोट देने की व्यवस्था हो सकती है तो अन्य लोगों के लिए क्यों नहीं हो सकती? इस बार ऐसी किसी व्यवस्था के निर्माण के लिए निर्वाचन आयोग के साथ सरकार का भी सक्रिय होना समय की मांग है। इसी से हम अधिकतम मतदान के लक्ष्य को हासिल कर सकेंगे।

**-ललित गर्ग-**

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## अंतरात्मा के अजब-गजब खेल

किसी शायर का बड़ा मौजू शेर कुछ यों है कि-वो कत्ल भी करते हैं,तो चर्चा तक नहीं होता और हम आह भी भरते हैं तो हंगामा हो जाता है।कारण यह है कि अन्तरात्मा बड़ी विचित्र चीज हो गई है आजकल।बला! का पता नहीं कब सो जाए और कब जग जाए?जी साहब !ठीक पढ़-सुन रहे हैं आप।असल में अब आत्मा,आत्मा न रहकर,जगने-सोने का इंस्ट्रूमेंट हो चुकी है,कुछ और हो चुकी है क्योंकि इसका जब मन करे,यह वही करती है,जो इसे करना होता है।जैसे कि जब इसका मन करे,यह पलटी मार हो जाती है,जब मन करे यह घर वापसी कर लेती है,जब इसका मन करे यह सोती रहती है कुंभकर्ण की तरह और जब जगना चाहे तो बैरन ऐसी जगती है कि कइयों की नींद ही हराम कर देती है।गजब की बात यह है कि एक राज्य में जब अंतरात्मा जगती है तो हंगामा खड़ा हो जाता है और यदि यही बेचारी आत्मा किसी दूसरे राज्य में जगती है,तो कोई इसकी चर्चा भी नहीं करता?असल में यह भी आत्मा के जगने पर ही होता है जी क्योंकि छोटे पर्दे पर चीख-चीखकर दिन-रात कां-कां करने वालों की भी आत्मा,नेताओं जैसी हो गई है।उनकी आत्मा भी कभी जगकर इस चैनल में फुदक जाती है,कभी उस चैनल में कूद जाती है।कभी-कभी तो यू-ट्यूब पर अपना ही घरबरिया चैनल शुरु कर देते हैं।वैसे आत्मा के इस ट्रेंड को देखकर तो अब जनता भी डरने लगी है कि कहीं ये नेता-वेता वाली आत्मा साधारण जनों में ना घुसने लग जाए।साहब फिर तो गजबे-खेला हो जाएगा कि कल को नेता-वेता की आत्मा किसी जनसामान्य में घुसी और पड़ौसी की बीबी को परेशान देखकर यदि आत्मा जग-वग गई तो भईया कमाल ही हो जाएगा क्योंकि फिर तो जो तमाशा होगा,उसकी तो सोशल मीडिया पर ऐसी ब्रेकिंग न्यूज़ बनेगी कि ब्रेकिंग न्यूज़ ही खुद पर शरमा जाएगी और कुछ भी कहने की स्तिथि में नहीं होगी।वैसे नेता-वेता की आत्मा जन सामान्य में घुसने का एक फायदा भी हो सकता है कि जैसे ही जनसामान्य लोगों में घुसेगी,हो सकता है काफी दिनों कोमा में जाकर सोई रहे मगर याद रखिए जिस दिन जनता की अंतरात्मा जग गई तो फिर जिन नेताओं की आत्मा जगती-सोती रहती है,उनकी खैर नहीं क्योंकि इधर जनता की आत्मा जगी,उधर नेता जी की नेतागिरी झड़ी।वैसे जनता की आत्मा जिस दिन जगकर-सजकर रजनी बाले की तरह सवाल करने लग गई,तो उसी क्षण नेता लोगन की तो खटिया खड़ी हो जाएगी और इस जद में बड़े मियां-छोटे मियां सब के सब लपेटे जाएंगे।वैसे खांसलीवाल बाबा की तर्ज पर कहना पड़ेगा कि-सब मिले हुए हैं जी।अच्छा !एक और हैरत की बात यह है कि यह तथाकथित नेताओं की आत्मा का जगने का एक खास वक्त है।यह एक तो तब जगती है जब खेला करना हो,उस टाइम तो यह बिना कुछ कहे जग जाती है साहब और ऐसी जगती है कि जगती-जगती की मूक प्यास को भी धूल चटा देती है।दूसरा यह तब जगती है जब भी बड़े वाले घर के चुनाव हो,तब यह अचानक जग जाती है और जगने के बाद इसकी खास विशेषता यह होती है कि इसका पता नहीं चलता कि यह जगी हुई है या सोई हुई है क्योंकि जगते हुए भी काम सारे यह सोती हुई आत्मा जैसे करती है और काम हो जाने के बाद वाचाल हो जाती है और इतनी वाचाल कि फिर यह जगी हुई आत्मा खांटी एंकरों की भी बोलती बंद कर देती है।वैसे अक्सर यह आत्मा पूरे चार साल ग्यारह महीने से दस दिन पहले जगती है तब इसका खेल सिर्फ फुदकने का ही होता है।बिल्कुल उस पंजाबी गाने की तरह कि कदे इस फूल पर,कदे उस फूल पर,यार मेरा तितलियां वरगा,ठीक वैसे यह चार साल ग्यारह महीने बाद जगी आत्मा इधर-उधर भागती रहती है ताकि अगले चार साल ग्यारह महीने तक मखमली बैड पर सोने का इंतजाम हो सके और हैरानी तो यह भी है कि यदि इस आत्मा के सोने के बैड को किसी ने भी हिलाया-डुलाया तो यह जग सकती है बीच में ही और खेला कर सकती है।अक्सर इस आत्मा ने अपने जगने के मौके सेट कर रखे होते हैं कि कब जगना है और किन शर्तों पर जगना है।वैसे ये जगने वाली अन्तरात्माएं बड़ी गजब की चीज हैं साहब !सुना है बिना लिए-दिए तो ये कभी जगती ही नहीं क्योंकि ऐसे जगने का क्या फायदा?वैसे हमने तो यही सुना था कि आत्मा सो परमात्मा पर कलयुग में तो कुछ भी हो सकता है जी।यहाँ तो आत्मा भी सोये रहती हैं और मनमाने तरीके से जग भी जाती हैं।सुना तो यही था कि आत्मा न जन्मती है,न मरती है और ना ही कुछ और।खैर,कलयुग में सब कुछ संभव है,वैसे खुदा भी आसमां से जब जमी पर देखता होगा....खैर,छोड़िए।



**कृष्ण कुमार निर्माण**
करनाल,
हरियाणा

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## 400-400 ही क्यों,500 क्यों नहीं ?

कहावत है थोथा चना,बाजे घना! और यह बात जनसंघ-भाजपा की राजनीति पर शुरू से लागू है। मेरी याद्दाश्त में यूपी में जनसंघ द्वारा अटल बिहारी वाजपेयी को मुख्यमंत्री बनाने का हल्ला करके विधानसभा चुनाव जीतने की हवाबाजी से लेकर 2004 में शाइनिंग इंडिया और अब विकसित भारत से 400 सीट का शोर इस बात का प्रमाण है कि ढोलबाजी में भाजपा का जवाब नहीं है।पिछले सप्ताह भाजपा का राष्ट्रीय अधिवेशन हुआ। और भाजपा के प्रतिनिधियों ने पार्टी की दशा पर नहीं सोचा। बूझा नहीं कि पार्टी किस तरह कांग्रेसियों, दलबदलुओं, सत्तालोलुपों से भरती हुई है। चाल, चेहरे, चरित्र में भूखी, नंगी होती हुई है। मगर प्रतिनिधिजन भक्ति में 400 सीटों का गुब्बारा लेकर घर लौटे। सब 400-400 के हल्ले से बम-बम हैं।पहली बात, 400 सीटें पा भी ली तो कौन सा कीर्तिमान बनना है? छप्पर फाड़ जीत और दस-पंद्रह साल के राज से भी क्या हो जाना है? और भाजपा को 400 सीटे मिल रही है या एनडीए को? और 415 सीटें तो 1984 में राजीव गांधी की कमान में अकेले कांग्रेस की जीती हुई है! कांग्रेस के जवाहरलाल नेहरू व इंदिरा गांधी ने 17-17 साल राज किया तो मोदी पंद्रह साल राज करें, अमित शाह बीस साल राज करें तो क्या हो जाएगा? बहरहाल, भाजपा और एनडीए की अनहोनी तब है जब नरेंद्र मोदी 400 से पार नहीं, बल्कि 500 से पार सीटें जीतने का रियल रिकॉर्ड बनाएं। इतना सब करने के बाद भी यदि पूरा भारत उनके चरणों में नहीं लोटे तो क्या मतलब होगा। फिर सबसे बड़ी बात जो उन्होंने खुद चुनाव में कांग्रेस के पूरी तरह



डूबने की बाद कहीं हुई है। उसी के चलते सारे उपाय हैं। कांग्रेस चुनाव के लिए इकट्ठा हुआ पैसा खा लिया गया है। कांग्रेस और विपक्ष के कथित बड़े-महान नेता खरीद लिए गए हैं। अकड़ू हेमंत सोरेन, अरविंद केजरीवाल जैसों को जेल में डाला जा रहा है। शरद पवार और उद्धव ठाकरे जैसे खुद्दारों से उनकी पार्टी छीन ली गई है। ममता बनर्जी, नवीन पटनायक, मायावती, जगन मोहन, चंद्रशेखर राव जैसों को कठपुतली बना कर नचा रहे हैं तो वही मीडिया हर एंगल से केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, तेलंगाना सभी ओर कमल को खिलता बतला रहा है। इसलिए क्यों नरेंद्र मोदी का अगला राजतिलक 500 सीटों से कम का हो? क्यों मोदी-शाह 400 सीटों पर अटके रहें!सबसे बड़ा सवाल जब पूरा देश मोदी को वोट देने के लिए टूट पड़ रहा है तो भारत, उसके लोकतंत्र, चुनाव की विश्वसनीयता और खुद नरेंद्र मोदी की साख में ईवीएम मशीनों पर विरोधियों की शंका को दूर करने के लिए भला कागज के मतपत्रों से चुनाव कराने का फैसला क्यों नहीं होता? सांच को आंच नहीं की सनातनी परीक्षा में नरेंद्र मोदी को चुनाव आयोग से ईवीएम मशीनों के साथ वीपीपैट की कागजी स्लीप से भी मतगणना का ऐलान करा देना चाहिए। सोचें, विपक्ष लूला-लगंड़ा, अधमरा है।विरोधी पप्पू लोगों के पास लड़ाई के तीर-कमान भी नहीं हैं। मतलब मैदान में विपक्ष का होना न होना बेमतलब है तो पहली बात मोदी-शाह को पांच सौ सीटे जीतने का विश्वास क्यों नहीं? चुनाव को ईवीएम की जगह मतपत्रों से करवाने का फैसला क्यों नहीं?इसलिए क्योंकि जमीन की रियलिटी वह नहीं है जो पालतू मीडिया से दिखलाई जा रही है। जरा 2019 के लोकसभा चुनाव के नतीजों के आईने में हिसाब लगाएं। तब 545 सीटों में से भाजपा को 303 सीटें और 37.7 प्रतिशत वोट मिले थे। भाजपा के एनडीए एलायंस की तब 351 सीटें और 38.5 प्रतिशत वोट थे। बाकी पार्टियों की कुल सीटें 194 में और उनका प्राप्त कुल वोट 61.5 था।इसलिए मई में भाजपा की 400 सीटें तब होंगी जब वह 2019 के मुकाबले 97 सीट ज्यादा जीते। और एनडीए की 351 सीट तब 400 या पांच सौ पार हो सकती है जब उसे चुनाव में 50 या 151 सीटें और मिलें।इसका अर्थ है भगवा हवा के इपिसेंटर की 204 सीटों में भाजपा हर सीट जीते। फिर लड़ाई के मुकाबले वाले राज्यों की 207 सीटों में भाजपा कम से कम दो-तिहाई सीटें जीते। और विपक्षी गढ़ वाले राज्यों की 115 सीटों में आधी सीटें जरूर जीते तभी 400 पार का आंकड़ा बनता है। और ऐसा होना नहीं है। लेकिन मोदी है तो मुमकिन है!इसलिए त्रिवेंद्रम से ले कर श्रीनगर (पता नहीं शशि थरूर और फारूक अब्दुल्ला को अब तक क्यों नहीं खरीदा गया?) तक की हर सीट भाजपा जीतने के ख्वाब में है। और फिर विपक्ष की मानें तो ईवीएम है ही!

**-हरिशंकर व्यास-**

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## रजिस्ट्रेशन ऑफ न्यूज पेपर्स (सेंट्रल) रूल्स 1956 के अंतर्गत घटती-घटना के संबंध में स्वामित्व तथा अन्य विवरण विषयक जानकारी

### घोषणा-पत्र

(फार्म4 नियम 8)

| | |
|---|---|
| 1. प्रकाशन स्थल | : नमनाकला संतहरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर,सरगुजा,छत्तीसगढ़ |
| 2. प्रकाशन अवधि | : दैनिक |
| 3. मुद्रक का नाम | : अविनाश कुमार सिंह |
| राष्ट्रीयता | : भारतीय |
| निवास | : केदारपुर,भट्ठीरोड,गीता पब्लिक स्कूल के पीछे,अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.) |
| 4. प्रकाशक का नाम | : अविनाश कुमार सिंह |
| राष्ट्रीयता | : भारतीय |
| निवास | : केदारपुर,भट्ठीरोड,गीता पब्लिक स्कूल के पीछे,अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.) |
| 5. संपादक का नाम | : अविनाश कुमार सिंह |
| राष्ट्रीयता | : भारतीय |
| निवास | : केदारपुर,भट्ठीरोड,गीता पब्लिक स्कूल के पीछे,अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.) |
| 6. पत्र का स्वामित्व भागीदारी अथवा एक से अधिक पूंजी वाले हिस्सेदार हों | : अविनाश कुमार सिंह केदारपुर,भट्ठीरोड,गीता पब्लिकस्कूल के पीछे,अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.) |

मैं अविनाश कुमार सिंह एतद् द्वारा घोषित करता हूं कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार ऊपर दिए गए विवरण सही है।

हस्ताक्षर
**अविनाश कुमार सिंह**
प्रकाशक

दिनांक: 01-03-2024

## तुझे कोशिश करना होगा

मेहनत की उंगली पकड़कर
सफलता के राह पर चलना होगा
तुझे कोशिश करना होगा।
हौसलों के पंख लगाकर,
ऊंची उड़ान भरना होगा
तुझे कोशिश करना होगा।
मत बैठ हाथ पे हाथ रखकर,
कुछ बनकर दिखाना होगा
तुझे कोशिश करना होगा।
मत रख पैरों को बांधकर,
पैरों से जंजीरों को खोलना होगा
तुझे कोशिश करना होगा।
मत बैठ कभी हारकर,
जीत का स्वाद चखना होगा
तुझे कोशिश करना होगा
मत रुक तूफानों से डरकर,
तूफानों को भी थमना होगा
तुझे कोशिश करना होगा।



**श्याम सुंदर साहू**
राजिम जिला
गरियाबंद छत्तीसगढ़

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## शहर में दंगा

सुना है आज शहर में कोई दंगा हुआ है,
आज छोटा नहीं बहुत बड़ा पंगा हुआ है,
कैसे कैसे बदल रहे हैं हालात,
ऐसे लग रहा है जैसे आम आदमी का जीना महंगा हुआ है।
जिस प्रदेश में गाली देना भी बुरा मानते थे लोग,
उस प्रदेश में अब हथियारों से भी हमला होने लगा है,
आखिर क्यों बेच रहा ज़मीर आदमी अपना
क्या देवभूमि में जन्म लेना गुनाह हुआ है।
जैसे जैसे हो रहे हम विकसित,
वैसे वैसे क्यों किसी की सोच हो रही विकृत,
क्या ये नशा आ रहा इंसानियत के बीच में,
क्यों इंसान इंसान का दुश्मन बना हुआ है।
जिस प्रदेश में लोग चैन की नींद सोते थे कभी,
वहां अब लूटपाट चोरी डकैती,
शराब और चिट्टा आम हो रहा रहा है,
कैसे बचाएं आखिर नई पीढ़ी को इनसे,
आने वाले समय में ये बहुत बड़ा स्कैम हो रहा है।




**डॉक्टर जय अनजान**
बिलासपुर हिमाचल
प्रदेश

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## कुछ ही शब्द

लघुकथा

पुलिस जीप का सायरन बजा। यातायात एलर्ट हो गया। सब किनारे लग गये। एक जगह रोड किनारे जीप रुकी। एक वर्दीधारी शख्स दरवाजा खोलकर नीचे उतरा। उस शख्स ने रोड किनारे खड़े एक बुजुर्ग व्यक्ति के पैर छुआ। बुजुर्ग व्यक्ति भी आश्चर्य में पड़ गये। तभी उन्होंने वर्दी का आइडेंटिटी प्लेट पढ़ लिया। बोले- एस. पी. साहब आप...!



**टीकेश्वर सिन्हा गब्दीवाला**
घोटिया-बालोद
(छत्तीसगढ़)



नो एस पी... वेस पी...! यू आर मिस्टर आर एस नेताम सरजी, द रिटायर्ड टीचर ? राइट...? वर्दीधारी की आवाज में बड़ी ठसन थी।

या...! ऑफ कोर्स्...! आय एम आर एस नेताम, द रिटायर्ड टीचर। बुजुर्ग व्यक्ति ने नजरे उठाते हुए कहा।

सर जी ! आय एम योर एक्स-स्टूडेंट महेंद्र दिल्लीवार। यू टाट मी इंग्लिश। आय हैव बीन योर स्टूडेंट इन गॉरमेंट हायर सेकंडरी स्कूल - सुरडोंगर,फॉर फोर ईयर्स, टू थाऊजैंड फोर टू सेवेन। वर्दीधारी शख्स तुरंत अपनी जीप पर बैठे; और निकल गये।

रोड किनारे वाले दुकानदार यह सब देख रहे थे। उन्हें बड़ा आश्चर्य हुआ। दो-चार लोग आये; और बोले- नेताम गुरुजी , आप जानते हैं, वे कौन थे ?

यस...! ही इज़ माय लाइफ एचिवमेंट अवार्ड ! बुजुर्ग व्यक्ति बस कुछ ही शब्द बोले।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

# छात्रावास में छात्र की आत्महत्या,कलेक्टर ने तत्काल अधीक्षक को किया निलंबित

## एसडीएम अंबिकापुर को विस्तृत मजिस्ट्रियल जांच का मिला आदेश

- संवाददाता -
अंबिकापुर,29 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

प्रीमैट्रिक अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास दरिमा में बुधवार को कक्षा 8 वीं के एक छात्र ने आत्महत्या कर ली थी। कलेक्टर विलास भोस्कर संदीपान एवं पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने तत्काल मामले को संज्ञान में लिया और स्वयं जिला चिकित्सालय पहुंचे जहां शव का पोस्टमार्टम कराया गया। प्रशासन द्वारा संवेदनशीलता बरतते हुए त्वरित कार्रवाई हेतु तीन डॉक्टरों की टीम द्वारा पोस्टमार्टम कराया गया। वहीं कलेक्टर ने लापरवाही पर छात्रावास अधीक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। इसके साथ ही मामले की जांच में कोई बिंदु ना छूटे, इसके लिए एसडीएम अंबिकापुर को मजिस्ट्रियल जांच हेतु अधिकृत किया गया है। एसडीएम अंबिकापुर को तीन दिन में विधिवत जांच कर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करना होगा।




अंबिकापुर मुकेश तिर्की पिता रामजीत तिर्की उम्र 14 वर्ष सीतापुर थाना क्षेत्र के ग्राम किशुनपुर का रहने वाला था। प्रीमैट्रिक अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास दरिमा में रहकर कक्षा 8वीं में पढ़ाई करता था। बुधवार की सुबह वह खाना नहीं खाया था और स्कूल भी नहीं गया था। छात्रावास के अन्य बच्चे स्कूल चले गए थे। शाम चार बजे जब बच्चे स्कूल से छात्रावास लौटे तो मुकेश तिर्की का कमरा बंद था। उक्त कमरे में और भी बच्चे रहते थे। बच्चे दरवाजा खुलवाने की कोशिश किए तो अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। इस दौरान बच्चों ने खिडक़ी से झांक कर देखा तो वह फांसी पर लेटका था। हालांकि उसका शरीर मजन से सटा था। बच्चों ने मामले की जानकारी छात्रावास के चौकीदार को दी। रोशनदान से कमरे के अंदर घुसकर दरवाजा को खोला गया। इस दौरान चौकीदार ने बच्चों की मदद से उसके शव को उतरवाकर बेड पर रख दिया। इसके बाद लोगों ने मामले की जानकारी दरिमा पुलिस को दी। सूचना पर तहसीलदार व पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की और शव का पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया।

परिजन ने छात्रावास अधीक्षक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए तत्काल एफआईआर दर्ज कराए जाने की मांग कर रहे थे। विरोध के कारण गुरुवार की दोपहर दो बजे तक शव का पीएम नहीं हो सका था। जानकारी पर कलेक्टर व एसपी अस्पताल पहुंचे और छात्रावास अधीक्षक भूपेश सिंह कश्यप को अपने कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही बरते जाने स्वरूप तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। उक्त अधीक्षक का कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम एक एवं दो के विपरीत होने के कारण छत्तीसगढ़ सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील नियम 1966 के नियम 9 (एक) (क) के तहत निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग अंबिकापुर निर्धारित किया गया है। मुकेश तिर्की पिछले कई दिनों से बीमार था। परिजन उसका इलाज करा रहे थे। जांच में पथरी की पुष्टी हुई थी। परिजन जड़ी बुटी व अन्य दवा देकर उसे 22 फरवारी को छात्रावास भेज दिए थे। वहीं बुधवार की सुबह वह अपनी मां से बात की थी। वह बताया था कि सीने के पास दर्द हो रहा है। मां पूछी की क्या ज्यादा दर्द हो रहा है। पर वह हल्का दर्द रहने की बात बताई थी। मां बोली थी कि ज्यादा दर्द होगा तो वापस घर आ जाना पर वह बोला की परीक्षा का समय है। घर नहीं आ पाएंगे। इसके बाद वह स्कूल भी नहीं गया और छात्रावास में ही थे। इसके बाद सुबह 9 से शाम 4 बजे के बीच वह आत्महत्या कर ली।

### एसडीएम अबिकापुर को मजिस्ट्रियल जांच के निर्देश

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सरगुजा द्वारा घटना की मजिस्ट्रियल जांच हेतु एसडीएम अंबिकापुर फागेश सिन्हा को विस्तृत जांच करने अधिकृत किया गया है। एसडीएम अंबिकापुर मृत्यु के दृश्यमान कारणों की विधिवत जांचकर तीन दिनों के भीतर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे।

### विभागीय जांच हेतु टीम गठित

सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि उक्त घटना की जांच हेतु दो सदस्यीय समिति गठित की गई है जिसमें सहायक संचालक अंकिता मरकाम और सहायक संचालक महेंद्र पाल खांडेकर शामिल हैं, जो घटना की सूक्ष्म जांचकर जांच प्रतिवेदन तीन दिवस के भीतर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।



# उत्कृष्ट कार्य करने वाले डायल 112 के आरक्षक एवं वाहन चालक को किया गया सम्मानित

- संवाददाता -
अंबिकापुर,29 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

सरगुजा पुलिस द्वारा जिले मे आमनागरिकों कों त्वरित आपातकालीन सहायता उपलब्ध कराने हेतु डायल 112 वाहन का सुचारु रूप से संचालन किया गया जा रहा हैं,डायल 112 आपातकालीन वाहन मे ड्यूटी मे तैनात पुलिस टीम कों किसी भी मामले की सूचना प्राप्त होने पर शीघ्रता से घटनास्थल पहुंचकर पीड़ितों कों सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में 5 नवंबर को थाना कमलेश्वरपुर क्षेत्र अंतर्गत संचालित आपातकालीन वाहन डायल 112 कमलेश्वरपुर शेर 1 को जरिये सेंट्रलाइज्ड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर रायपुर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम चम्परवा कमलेश्वरपुर मे एक व्यक्ति कों विषैले सांप ने काट लिया हैं, जिसे तत्कालीन स्वास्थ्य सेवा एवं ईलाज की आवश्यकता हैं, सर्पदंश की सूचना पर ड्यूटी मे तैनात आरक्षक क्रमांक 727 निर्मल तिग्गा एवं वाहन चालक कीर्ति सिंह द्वारा शीघ्रता से कार्यवाही कर दिए गए इवेंट मे रवाना होकर तत्काल घटनास्थल चम्परवा कमलेश्वरपुर पहुंचकर पिड़ित कों आपातकालीन सुविधा प्रदान करते हुए नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया एवं सर्पदंश से पिड़ित व्यक्ति कों उचित स्वास्थ्य सुविधा प्रदान की गई, ड्यूटी मे तैनात आरक्षक एवं वाहन चालक की शीघ्रतम कार्यवाही से पिड़ित कों समय पर ईलाज की सुविधा प्राप्त हुई जिससे पिड़ित कों सर्पदंश के पश्चात बचाया जा सका हैं। उपरोक्त मामले मे डायल 112 ड्यूटी मे तैनात आरक्षक एवं वाहन चालक कों सराहनीय सेवा के फलस्वरूप पुलिस अधीक्षक सरगुजा द्वारा 300 नगद ईनाम एवं प्रशस्ती पत्र प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया, पुलिस अधीक्षक सरगुजा द्वारा कर्मचारियों कों भविष्य मे भी लगातार उत्कृष्ट कार्य कर आमनागरिकों कों बेहतर सुविधा प्रदान करने की समझाईस दी गई।

# मामले को गलत ढंग से परोस कर जनता को गुमराह कर रहे हैं कांग्रेसी : विधायक

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 29 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।



लखनपुर थाने में हुए वार्तालाप को कांग्रेसी गलत ढंग से परोस कर जनता को गुमराह कर रहे हैं, उपरोक्त बातें कहते हुए अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल ने कहा कि थाने में पुलिस अपना काम कर रही है और उनके कानून सम्मत कार्य में कहीं हस्तक्षेप नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि अमेरा खदान मामले में कुछ लोगों की गिरफ्तारी हुई है, जहां किसी निर्दोष पर कार्रवाई न हो इसलिए ग्रामीणों के साथ जन प्रतिनिधि थाना पहुंचे थे। विधायक राजेश अग्रवाल ने कहा कि स्थानीय पूर्व विधायक और मंत्री टीएस सिंहदेव के समय अपराध चरम पर थी और अपराधी दिनदहाड़े थाने में घुस कर पुलिस कर्मचारियों के साथ मारपीट करते रहे, उस समय कांग्रेसी नेता मौन थे, और अब लखनपुर थाने में जनपेक्षा के अनुरूप हुए बातचीत को तोड़ मरोड़ कर कांग्रेसी अपनी मानसिकता का परिचय दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी भाजपा सरकार सुशासन और क्षेत्र के सर्वांगीण विकास हेतु प्रतिबद्ध है और हमारी सरकार की बढ़ती लोकप्रियता देख कर हताश कांग्रेसी इस मामले को तूल दे कर अपनी राजनैतिक अस्तित्व बचा रहे हैं।

# सडक़ हादसों में कमी लाने मोहर्रिर,प्रधान आरक्षकों को दिया गया आईआरडीए का प्रशिक्षण

- संवाददाता -
अंबिकापुर,29 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

सडक़ हादसों में कमी लाने एवं हादसों के पश्चात सडक़ दुर्घटनाओं के कारणों की समीक्षा सहित घायलों के ईलाज की व्यवस्था हेतु तैयार इंटीग्रेटेड रोड एक्सीडेंट डेटाबेस के सम्बन्ध मे डाटाबेस में प्रदान की जानकारियों कों भरने हेतु समय समय पर जिले मे पदस्थ अधिकारियों, कर्मचारियों कों विधिवत प्रशिक्षण दिया जाता हैं। इसी क्रम में गुरुवार को यातायात शाखा द्वारा जिले के विभिन्न थाना चौकियो मे पदस्थ मोहर्रिर, प्रधान आरक्षकों कों इंटीग्रेटेड रोड एक्सीडेंट डेटाबेस ढ्ढ्रक्रष्ठ के सम्बन्ध मे तकनिकी जानकारिया



प्रदान करते हुए बताया गया कि एप में कैसे डाटा फीड करना है इसके बारे मे समझाईस दी गई। इंटीग्रेटेड रोड एक्सीडेंट डेटाबेस प्रोजेक्ट (आईआरएडी) के तहत सडक़ दुर्घटनाओं का डाटा बेस तैयार किया जाएगा, इसमें पुलिस, परिवहन, पीडब्ल्यूडी, चिकित्सा विभाग और एनएचएआई विभाग शामिल हैं, हादसा होने पर पुलिसकर्मी घायल का नाम, वाहन नंबर, लाइसेंस संख्या स्थान, दुर्घटना का संभावित कारण, फोटो तथा वीडियो मोबाइल एप पर अपलोड करेंगे, इसके बाद संबंधित अधिकारियों के पास हादसे की सूचना पहुंच जाएगी, एवं सम्बंधित विभागों द्वारा हादसों कों रोकने आवश्यक कार्यवाही की जायगी।

# कानून व्यवस्था का माखौल उड़ाने वाले ना दें भाजपा को सीख : त्रिलोक कपूर

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 29 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

विगत दिनों लखनपुर थाने में ग्रामीणों की मांग पर उनके साथ गए अम्बिकापुर विधायक के भाई व तत्कालीन थाना प्रभारी के बीच हुई तकरार को लेकर कांग्रेस द्वारा की जा रही बयानबाजी पर पूर्व सभापति त्रिलोक कपूर कुशवाहा ने कांग्रेसियों को कम से कम कानून व्यवस्था के मामले में भाजपा को सीख ना देने की बात कही है। अपने बयान में कुशवाहा ने कहा कि लखनपुर थाने में बनी विवाद की स्थिति की वजह थाना प्रभारी का अकड़पन भी था इस मामले में विधायक के भाई वहां ग्रामीणों के साथ केवल ग्रामीणों की बात रखने गए थे ना कि आरोपियों को छुड़ाने की पैरवी करने। इस मामले में भाजपा पर अपराधियों को संरक्षण देने का आरोप लगाने वाले कांग्रेसी पिछली कांग्रेस सरकार में खुलेआम हो रही रेत, कोयले, लकड़ी आदि की तस्करी तथा थाने में घुसकर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा पुलिसकर्मियों से की गई मारपीट की घटना पर चुप्पी साधे हुए थे। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने पर इन घटनाओं पर रोक लगने से पूरे प्रदेश में शांति है। जिस कारण इनके पेट में मरोड़ उठ रहा है और इस कारण ये उल्टा-सीधा आरोप लगा रहे हैं।



# छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल की परीक्षाएं आज से शुरू

» जिले के 75 परीक्षा केन्द्रों में होगी परीक्षाएं 18 हजार से अधिक विद्यार्थी होंगे शामिल

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 29 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।



छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल की परीक्षाएं आज से शुरू हो रही हैं। हायर सेकण्डरी की परीक्षाएं 01 मार्च से 23 मार्च तक एवं हाईस्कूल की परीक्षाएं 02 मार्च से 21 मार्च तक प्रातः 09.00 बजे से 12.15 तक आयोजित की जायेगी। जिला शिक्षा अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के कुल 18577 छात्र.छात्राएं परीक्षा में शामिल होंगे जिसमें से हायर सेकण्डरी परीक्षा में कुल 9992 विद्यार्थी एवं हाई स्कूल परीक्षा में कुल 8585 विद्यार्थी शामिल होंगे। इस हेतु जिले में कुल 75 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

उन्होंने बताया कि परीक्षा हेतु गोपनीय सामग्री को ले जाते समय उपस्थित रहने हेतु कर्मचारियों की डयूटी लगाई गई है। वहीं परीक्षा में नकल एवं अनैतिक कार्यों आदि साधनों के उपयोग में अंकुश लगाने परीक्षा केन्द्रों के निरीक्षण हेतु उड़नदस्ता दल गठित किया गया है। उड़नदस्ता दल के प्रभारी अधिकारी प्रत्येक दिवस परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर निरीक्षण रिपोर्ट डिप्टी कलेक्टर श्री देवसिंह उईके एवं परीक्षा के नोडल अधिकारी को उपलब्ध कराएंगे।

# शासकीय राजमोहिनी देवी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की छात्राओं ने रैली तथा फ्लैश मोब कर मतदाताओं को किया जागरूक

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 29 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने जिले में लगातार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विलास भोस्कर के मार्गदर्शन में गुरुवार को शासकीय राजमोहिनी देवी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय अम्बिकापुर की छात्राओं द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मो.खालिद हुसैन एवं स्वीप प्रभारी



श्रीमती प्रियंका सिंह चन्देल के निर्देशन में महाविद्यालय की स्वीप इकाई और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से शहर के नये बस स्टैण्ड में फ्लैश मॉब एवं रैली का आयोजन कर मतदान के महत्व को बताया गया। इस दौरान लोगों को निर्भीक होकर, बिना किसी बहकावे और पक्षपात रहित मतदान कर अपने मताधिकार का प्रयोग करने की प्रेरणा दी गई।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की कार्यक्रम अधिकारी रीता सिंह, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एजेन टोप्पो, डॉ.विश्वासी एक्का, डॉ रामआशीष तिवारी, जितेन्द्र कुमार गुप्ता, जॉन पीटर टोप्पो,अन्य प्राध्यापक, महाविद्यालय की छात्राएं तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# सेवानिवृत उप निरीक्षक विश्वनाथ राम को सम्मान समारोह आयोजित कर दी गई भावभीनी विदाई

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 29 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

सरगुजा पुलिस में पदस्थ उप निरीक्षक विश्वनाथ राम के सेवानिवृत होने पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में सम्मान समारोह आयोजित कर भावभीनी विदाई दी गई। सम्मान समारोह के दौरान पुलिस अधीक्षक सरगुजा ने अपने उद्बोधन के दौरान कहा कि आप जैसे अनुभवशील एवं संवेदनशील अधिकारियो के माध्यम से अच्छी पुलिसिंग हो पाती हैं, ड्यूटी के प्रति ईमानदारी एवं संजीदगी रखने से आपके कार्यकाल कों याद रखा जाता हैं, आज आपकी सेवानिवृत्ति पर सरगुजा पुलिस



की ओर से आपके स्वस्थ्य जीवन की शुभकामनायें देता हू, और आगे निरंतर जीवन मे प्रगति करने की शुभकामनायें दी गई। उप निरीक्षक विश्वनाथ राम से उनके कार्यकाल के अनुभव को साझा किया गया एवं सेवानिवृति के पश्चात की योजनाओं के संबंध मे भी जानकारी ली गई, कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक सरगुजा द्वारा उप निरीक्षक को शाल श्रीफल के साथ मोमेंटो प्रदान कर भावभीनी विदाई दी गई, साथ ही मौके पर ही उपनिरीक्षक के सभी देयताय पूर्ण कर पीपीओ एवं जीपीओ के आदेश जारी किये गए। विदाई सम्मान समारोह के दौरान स्टेनो फबियानुस तिर्की, रक्षित निरीक्षक तृप्ति सिंह राजपूत, रीडर गोमती यादव,एवं समस्त कार्यालयीन स्टाप एवं सेवानिवृत पुलिस अधिकारी के परिवारो के सदस्य शामिल रहे।

# तीन सवारी वाहन चालकों से वसूले गए 80 हजार रुपए समन शुल्क

- संवाददाता -
अंबिकापुर,29 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

सरगुजा पुलिस द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। तीन सवारी व यातायात नियमों के पालन नहीं करने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। अभियान के दौरान बुधवार को तीन सवारी 80 बाइक चालकों से 40 हजार की चालानी कार्रवाई की गई। यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले 37 लोगों से 21 हजार रुपये समन शुल्क वसूल किया गया हैं। कल अभियान अंतर्गत कुल 117 प्रकरण दर्ज कर 61 हजार रुपये की चालानी



कार्यवाही की गई, सरगुजा पुलिस द्वारा सडक़ सुरक्षा अभियान के तहत यातायात के नियमो की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के लगातार कार्यवाही की जायगी, सरगुजा पुलिस आमनागरिकों से अपील करती हैं कि यातायात के नियमो का पालन करें।

# पीएम सुनक हिंसक विरोध प्रदर्शनों को लेकर सख्त, पुलिस प्रमुखों को दिया पूरी ताकत से निपटने का निर्देश

लंदन, 29 फरवरी 2024। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक भीड़ के हिंसक विरोध प्रदर्शन को लेकर सख्त रुख अपनाया है। पीएम सुनक ने देश के पुलिस प्रमुखों से विरोध प्रदर्शन के दौरान हिंसा करने वाले तत्वों के खिलाफ पूरी शक्ति से निपटने को कहा है। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से कहा है कि किसी भी कीमत पर विरोध प्रदर्शनों को भीड़ तंत्र में बदलने की अनुमति नहीं दी जाए।



पीएम सुनक का यह बयान ब्रिटिश सांसदों की सुरक्षा चिंताओं और इस्राइल-हमास युद्ध के विरोध में ब्रिटेन की सड़कों पर बड़े पैमाने पर मार्च के दौरान कुछ हिंसक घटनाओं के मद्देनजर आया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय मूल के ब्रिटिश प्रधानमंत्री सुनक ने बुधवार को अपने कार्यालय 10 डाउनिंग स्ट्रीट में पुलिस प्रमुखों के साथ बैठक की। इस दौरान एक नए पुलिसिंग प्रोटोकॉल पर सहमति बनी।

बैठक में पीएम सुनक ने कहा कि इस बात पर आम सहमति बढ़ रही है कि भीड़ तंत्र लोकतांत्रिक शासन की जगह ले रहा है। हम सभी को इसे तत्काल रोकना होगा। उन्होंने कहा कि हम तेजी से बढ़ रहे हिंसक और डराने-धमकाने वाले व्यवहार की अनुमति नहीं दे सकते हैं, जिसका मकसद खुली बहस को खत्म करना और निर्वाचित प्रतिनिधियों को अपना काम करने से रोकना है। यह पूरी तरह से अलोकतांत्रिक है।

### लोकतंत्र की रक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठाएंगे...

उन्होंने कहा कि नया पुलिसिंग प्रोटोकॉल अतिरिक्त गश्त के लिए प्रतिबद्ध है। इसके तहत सांसदों, पार्षदों और अन्य निर्वाचित प्रतिनिधियों के घरों पर विरोध प्रदर्शन को डराने वाला माना जाएगा। सुनक ने कहा, मैं हमारे लोकतंत्र और देश के मूल्यों की रक्षा के लिए जो भी जरूरी होगा वह करने जा रहा हूं। जनता को यही उम्मीदें हैं। यह हमारी लोकतांत्रिक प्रणाली के लिए जरूरी है। यह पुलिस में जनता का विश्वास बनाए रखने के लिए भी महत्वपूर्ण है।

### सांसदों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा नया पुलिसिंग प्रोटोकॉल

नए सात-सूत्रीय पुलिसिंग प्रोटोकॉल के तहत पुलिस बल इस साल के अंत में होने वाले आम चुनाव से पहले सांसदों या उम्मीदवारों से जुड़े किसी भी कार्यक्रम की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे। उचित पुलिस प्रतिक्रिया प्राप्त करें। प्रोटोकॉल में स्पष्ट किया गया है कि ब्रिटेन के आपराधिक न्याय अधिनियम 2001 की धारा 42 पुलिस को इस आधार पर प्रदर्शनकारियों को सांसदों के घरों से दूर करने का अधिकार देती है कि ऐसे प्रदर्शन धमकाने और डराने वाले हैं।

# नवाज शरीफ की बेटी मरयम नवाज ने रचा इतिहास, पंजाब प्रांत की पहली महिला मुख्यमंत्री चुनी गई

इस्लामाबाद, 29 फरवरी 2024। पाकिस्तान के पूर्व सीएम नवाज शरीफ की बेटी मरयम नवाज पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की सीएम चुनी गई हैं। इसके साथ ही मरयम नवाज ने इतिहास रच दिया है क्योंकि मरयम नवाज पंजाब की पहली महिला सीएम हैं। मरयम नवाज को 220 वोट मिले और उन्होंने सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल के उम्मीदवार राना आफताब अहमद को हराया। सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल के सदस्यों ने वोटिंग का बहिष्कार किया, ऐसे में राना आफताब अहमद को कोई वोट नहीं मिला।



### आसानी से जीतीं मरयम नवाज

संख्याबल के हिसाब से मरयम नवाज का पंजाब की सीएम बनना तय था। पंजाब असेंबली के स्पीकर मलिक अहमद खान ने पहले ही साफ कर दिया था कि सिर्फ सीएम पद को लेकर मतदान होगा और असेंबली के किसी सदस्य को बोलने का मौका नहीं दिया जाएगा। इसके बाद हुए मतदान में मरयम नवाज ने आसानी से जीत हासिल की। इससे पहले पंजाब असेंबली के सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह हुआ, जिसमें 371 सदस्यों में से 321 सदस्यों ने शपथ ली। पंजाब असेंबली के स्पीकर और डिप्टी स्पीकर के चुनाव में भी नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएल-एन को ही जीत मिली। पीएमएल-एन के मलिक मोहम्मद अहमद खान स्पांकर चुन गए और उन्हें 224 वोट मिले। वहीं मलिक जहीर चानेर को डिप्टी स्पीकर चुना गया, जिन्हें 220 वोट मिले।

### 2012 में राजनीति में उतरीं थी मरयम नवाज

मरयम नवाज पाकिस्तान के पूर्व पीएम नवाज शरीफ की बेटी हैं। साल 1992 में सफदर अवान से मरयम नवाज की शादी हुई। सफदर अवान पाकिस्तान की सेना में कैप्टर रह चुके हैं। सफदर अवान, नवाज शरीफ के सुरक्षा अधिकारी भी रहे। मरयम नवाज के तीन बच्चे हैं। मरयम नवाज ने साल 2012 में राजनीति में कदम रखा और अपने पिता के साथ काम किया। साल 2024 के आम चुनाव में मरयम नवाज पाकिस्तान की नेशनल असेंबली और पंजाब असेंबली के लिए पहली बार चुनी गई हैं।

दर्दनाक हादसा

# दो बसों के बीच भीषण भिड़ंत,17 लोगों की मौत...एक दर्जन से अधिक घायल

तगुसांगाल्पा ,29 फरवरी 2023। पश्चिमी होंडुरास के कोपन विभाग के सैन जुआन डी ओपोआ नगर पालिका में दो बसों की टक्कर में कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई और एक दर्जन घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सशस्त्र बलों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स' पर कहा, सैनिक और अग्निशामक इस आपात स्थिति से निपटने और प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। एक बस अमेरिका की यात्रा करने वाले प्रवासियों को छोडने् के बाद ओकोटेपेक विभाग के अगुआ कैलिएंटे शहर से लौट रही थी, जबकि दूसरी लेम्पिरा-सांता रोजा मार्ग को कवर कर रही थी। प्रवासियों को उतारने वाली बस के ड्राइवर ने कहा, मैं बस नहीं चला रहा था, मैंने इसे सहायक को सौंप दिया था। उसने ब्रेक मारा और टायर खुल गए। कुछ यात्रियों की गवाही के अनुसार, एक बस इतनी तेज़ थी कि सवारियों में डर था। होंडुरास के राष्ट्रपति शियोमारा कास्त्रो ने पीड़ितों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।



# परमाणु हथियार इस्तेमाल करने के लिए रूस पूरी तरह तैयार,पुतिन की पश्चिमी देशों को चेतावनी

मॉस्को, 29 फरवरी 2024। रूस-यूक्रेन युद्ध के दो साल पूरे हो चुके हैं। इस बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पश्चिमी देशों पर भड़ास निकाली है। पुतिन ने गुरुवार को राष्ट्र के नाम वार्षिक संबोधन में आरोप लगाया है कि पश्चिमी देश परमाणु संघर्ष के हालात पैदा करना चाहते हैं, जो मानव सभ्यता को नष्ट कर देगा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पुतिन ने कहा कि पश्चिमी देश परमाणु युद्ध का वास्तविक खतरा पैदा कर रहे हैं। रूसी राष्ट्रपति ने चेतावनी दी कि रूस परमाणु हथियार उपयोग के लिए पूरी तरह तैयार में हैं।



पुतिन ने आगाह किया है कि यूक्रेन युद्ध में दखलअंदाजी करने वालों के लिए परिणाम बहुत ही दुखद होंगे...उन्हें( पश्चिम )समझना चाहिए। मैंने उनसे कहा है कि हमारे पास भी ऐसे हथियार हैं जो उनके क्षेत्रों पर लक्ष्यों को नष्ट कर सकते हैं। पुतिन ने कहा कि रूस किसी को भी अपने आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने की इजाजत नहीं देगा। पश्चिमी देशों को आड़े हाथ लेते हुए पुतिन ने कहा कि वे दावा कर रहे हैं कि रूस यूरोप पर हमले की योजना बना रहा है। मैं समझता हूं कि वे बकवास कर रहे हैं। वे खुद ही हमारे क्षेत्र पर हमले के लिए लक्ष्य की पहचान कर रहे हैं। रूसी राष्ट्रपति ने आगे कहा, पश्चिमी देशों को यह समझना चाहिए कि हमारे पास भी ऐसे हथियार हैं जो उनके क्षेत्र में लक्ष्य पर हमला कर सकते हैं। इन वजहों से वास्तव में परमाणु हथियारों के उपयोग के साथ संघर्ष और मानव सभ्यता के विनाश का खतरा है। क्या उन्हें (पश्चिम) यह समझ नहीं आता?

### अमेरिका के साथ बातचीत के लिए रूस तैयार

पुतिन ने 15-17 मार्च को होने वाले राष्टपति चुनाव से पहले देशवासियों को संबोधित किया। इस चुनाव में उनका अगले छह साल के कार्यकाल के लिए फिर से चुना जाना तय है। पुतिन ने रूस के विशाल अत्याधुनिक परमाणु शस्त्रागार की सराहना की, जो दुनिया में सबसे बड़ा है। रूसी समाचार एजेंसी तास के अनुसार, पुतिन ने कहा कि रूस रणनीतिक स्थिरता पर अमेरिका के साथ बातचीत के लिए तैयार है। हालांकि, उन्होंने रूस की राष्टीय सुरक्षा के मुद्दों से अलग अमेरिका के साथ रणनीतिक स्थिरता वार्ता की संभावना को खारिज कर दिया।

# इमरान खान ने आईएमएफ को लिखा पत्र, आर्थिक पैकेज पर वार्ता से पहले आम चुनावों का ऑडिट करने की अपील

इस्लामाबाद, 29 फरवरी 2024। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) को पत्र लिखकर आठ फरवरी को हुए आम चुनाव में धांधली की जांच के लिए ऑडिट करने का आग्रह किया है। जेल में बंद खान का कहना है कि आईएमएफ को नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान के साथ किसी और आर्थिक पैकेज के लिए वार्ता पर विचार करने से पहले चुनाव में हस्तक्षेप और धांधली का पता लगाने के लिए नेशनल असेंबली और प्रांतीय असेंबली की कम से कम 30 प्रतिशत सीटों का ऑडिट कराना चाहिए।

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के संस्थापक खान ने पिछले हफ्ते घोषणा की थी कि वह आईएमएफ से पाकिस्तान को आर्थिक सहायता जारी करने से बचने के लिए कहेंगे। उन्होंने आरोप लगाया था कि अधिकारियों ने उनकी पार्टी को सत्ता से बाहर रखने के लिए चुनावी नतीजों में धांधली की है।



पीटीआई के चेयरमैन गौहर अली खान और पार्टी महासचिव उमर अयूब खान ने एक प्रेस वार्ता में इमरान खान के आईएमएफ को पत्र लिखने की पुष्टि की। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, खान के निर्देश पर पार्टी प्रवक्ता रऊफ हसन द्वारा आईएमएफ की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉर्जीवा को पत्र भेजा गया है।

पत्र की शुरुआत में स्पष्ट किया गया है कि पार्टी पाकिस्तान को आईएमएफ की सुविधा के खिलाफ नहीं है, जो देश की तत्काल और दीर्घकालिक आर्थिक भलाई को बढ़ावा देती है। लेकिन पत्र में यह भी कहा गया है कि आईएमएफ की सुविधा को शर्तों के साथ जोड़ा जाना चाहिए। पत्र में आरोप लगाया गया है कि आठ फरवरी को हुए आम चुनावों में 180 मिलियन अमेरिकी डॉलर खर्च हुए हैं, जिसमें वोटों की गिनती और परिणामों में बड़े पैमाने पर हस्तक्षेप और धोखाधड़ी हुई है। इस कारण आईएमएफ के सबसे महत्वपूर्ण सदस्य देशों ने मामले की पारदर्शी जांच का आह्वान किया है, जिनमें अमेरिका, ब्रिटेन और यूरोपीय संघ में शामिल अन्य देश भी शामिल हैं।

पत्र में कहा गया है कि हम आईएमएफ से आह्वान करते हैं कि सुशासन को लेकर अपनाए गए दिशानिर्देशों के साथ-साथ उन शर्तों को भी प्रभावी किया जाए, जिन्हें आर्थिक सहायता देने से पहले पूरा किया जाना चाहिए, जिससे पाकिस्तान के लोगों पर और कर्ज का बोझ डाला जा सके।

### सिर्फ दो हफ्ते में पूरा किया जा सकता है ऑडिट...

पीटीआई ने मांग की है कि नेशनल असेंबली और प्रांतीय विधानसभाओं की कम से कम 30त सीटों का ऑडिट सुनिश्चित किया जाना चाहिए, जिससे सिर्फ दो हफ्ते में पूरा किया जा सकता है। पत्र में यह भी कहा गया है कि पीटीआई आईएमएफ से जांच एजेंसी की भूमिका निभाने की मांग नहीं कर रही है।

# मोबाईल दुकान से चोरी करने के मामले में 2 आरोपियों को चौकी लटोरी पुलिस ने किया गिरफ्तार

- संवाददाता -
सूरजपुर,29 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

ग्राम गंगापुर लटोरी निवासी शशि शंकर जायसवाल ने चौकी लटोरी में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 26 फरवरी के रात्रि में इसके मोबाईल दुकान के छत के सीट को तोड़कर दुकान में रखे 4 नग मोबाईल व अन्य सामान को अज्ञात चोर चोरी कर ले गए है। रिपोर्ट धारा 457, 380 भादसं के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।



मामले की सूचना पर उप पुलिस महानिरीक्षक/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर एम.आर.आहिरे (भा.पु.से.) ने चोरी का जल्द खुलासा करने के निर्देश दिए। चोर की पतासाजी के दौरान चौकी लटोरी पुलिस को मुखबीर ने सूचना दिया कि ग्राम महेशपुर का संदीप पैंकरा उर्फ ठुरू मोबाईल बेचने के लिए ग्राहक खोज रहा है सूचना पर फौरन कार्यवाही करते हुए संदीप को पकड़ा गया। पूछताछ पर उसने बताया कि अपने एक साथी के साथ मिलकर मोबाईल दुकान में चोरी की वारदात को अंजाम देना एवं मोबाईल को बांट लेना और चोरी के मोबाईल को ग्राम गंगापुर के देवकुमार उर्फ बिजो को छुपा कर रखने के लिए देना बताया। आरोपी के निशानदेही पर देवकुमार के यहां दबिश दी गई जिसके यहां से 2 नग मोबाईल कीमत 35 हजार रूपये का बरामद किया गया। चोरी की सम्पत्ति रखने पर धारा 411, 34 भादसं जोड़ते हुए आरोपी संदीप पैंकरा उर्फ ठुरू पिता बिरझू पैंकरा उम्र 20 वर्ष ग्राम महेशपुर व देवकुमार उर्फ बिजो पिता देवशरण पैंकरा उम्र 27 वर्ष ग्राम गंगापुर चौकी लटोरी को गिरफ्तार किया गया। मामले में 1 आरोपी फरार है जिसकी पतासाजी की जा रही है। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी लटोरी धनंजय पाठक, प्रधान आरक्षक पिंगल मिंज, प्रधान आरक्षक विशाल मिश्रा, भीखराम भगत, आरक्षक अम्बिका मरावी, भरत भगत व मनोज सिदार सक्रीय रहे।







# संभाग आयुक्त चुरेंद्र के मार्गदर्शन में युवा संसद का हुआ आयोजन

### बेहतर प्रदर्शन पर छात्र-छात्राओं को किया गया पुरस्कृत

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 29 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

बच्चों को देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था से परिचित कराने एवं उनमें लोकतांत्रिक प्रक्रिया की समझ बढ़ाने के उद्देश्य से पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष भी संभाग स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता वर्ष 2024 का आयोजन आयुक्त सरगुजा संभाग श्री जीआर चुरेंद्र एवं संभागीय संयुक्त संचालक शिक्षा सरगुजा संभाग हेमंत उपाध्याय के मार्गदर्शन में कॉलेज ऑडिटोरियम अंबिकापुर में किया गया। इस कार्यक्रम के नोडल अधिकारी जिला शिक्षा अधिकारी संजय गुहे रहे।

युवा संसद कार्यक्रम एक सार्वजनिक नीति है, यह युवाओं को अपनी बात कहने नीति निर्देशन में भाग लेने और देश के विकास के एजेंडे पर खुलकर बोलने का मंच देता है। यह युवाओं को संगठित तरीके से अभिव्यक्त करने को प्रोत्साहित करता है और उन्हें भविष्य के होनहार नेताओं के रूप में उभरने में सक्षम बनाता है। उक्ताशय का विचार जिला शिक्षा अधिकारी संजय गुहे ने संभाग स्तरीय युवा संसद कार्यक्रम के स्वागत उद्बोधन में कही।

# कोरबा लोकसभा से भाजपा की संभावित उम्मीदवार सांसद सरोज पांडेय ने कोरबा लोकसभा क्षेत्र में दी करोड़ों की स्वीकृति



राज्यसभा सदस्य के रूप में खत्म होते कार्यकाल में स्वीकृति से चुनाव लड़ने की संभावना प्रबल



हो सकती हैं कोरबा लोकसभा से भाजपा उम्मीदवार,गुरूवार की रात केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक में तय हुए भाजपा प्रत्याशी, घोषणा कभी भी

-संवाददाता-
कोरिया/कोरबा,29 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

भारतीय जनता पार्टी अब कभी भी कोरबा लोकसभा सीट से अपने उम्मीदवार का नाम घोषित कर सकती है,संभावना है कि यहां से वर्तमान में राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय को चुनाव में उतारा जा रहा है,राज्यसभा से सुश्री पांडेय का कार्यकाल अब कुछ ही दिनों का शेष रह गया है। उन्हे कोरबा लोकसभा सीट से मैदान में उतारे जाने की बात पर बल और मिल रहा है जिसमें कि उनके द्वारा इस लोकसभा के सभी विधानसभा क्षेत्र में लगभग 1-1 करोड़ की राशि सोलर लाईट के दी गई है। गुरूवार की रात दिल्ली में भाजपा केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक भी रखी गई थी जिसमें छत्तीसगढ की विभिन्न सीटों के साथ ही कोरबा लोकसभा सीट से भी उम्मीदवार तय होने की जानकारी मिल रही है,अतिशीघ्र नाम की घोषणा हो सकती है।


संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन | घटती घटना | कोरिया-एमसीबी-सूरजपुर-समाचार | अम्बिकापुर ,गुरूवार 08 फरवरी 2024 | 5

महंत परिवार के सामने सरोज या अनुराग इन में से कौन होगा कोरबा लोकसभा से भाजपा का मजबूत उम्मीदवार?

स्थानीय नेताओं की दावेदारी पड़ रही कमजोर?

खत्म हो रहा राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय का कार्यकाल, संभावना बढ़ी

राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना चुकी हैं सांसद सरोज पांडेय...एक साथ महापौर, विधायक व सांसद बनने का रिकार्ड भी इनके नाम

राष्ट्रीय नेतृत्व के लिए भरोसेमंद चेहरा हैं सरोज पांडेय...राजस्थान में जीत के बाद दी गई थी मुख्यमंत्री के चयन में जिम्मेदारी

मोदी लहर के बावजूद पिछले चुनाव में ज्योत्सना महंत को जीत हुई थी हासिल...

परिचय के नहीं हैं मोहताज,पार्टी के लिए रहते हैं समर्पित...

कांग्रेस की ओर से महंत परिवार से ही होगा सांसद का उम्मीदवार...व्यक्तिगत रूप से संसदीय क्षेत्र में मजबूत माने जाते हैं महंत

## केन्द्रीय नेतृत्व की भरोसेमंद चेहरा हैं सरोज

सांसद सरोज पांडेय राज्य ही नही बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान रखती हैं,वे पूर्व में महापौर,विधायक एवं सांसद रह चुकी हैं। तथा पूर्व में महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष के तौर पर भी काम कर चुकी हैं,वर्तमान में वे पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी हैं। उन्हे केन्द्रीय नेतृत्व का भरोसेमंद चेहरा माना जाता है। अलग-अलग मौकों पर उन्हे नेतृत्व द्वारा अन्य जिम्मेदारियां भी दी जाती हैं,गत विधानसभा चुनाव के बाद राजस्थान में मुख्यमंत्री का चयन करने वाली टीम में भी उन्हे शामिल किया गया था जिससे उनकी स्थिति का आंकलन किया जा सकता है। सरोज पांडेय एक बड़ी लीडर हैं,जिस प्रकार से कोरबा लोकसभा क्षेत्र में डॉ.चरणदास महंत को व्यक्तिगत रूप से मजबूत माना जाता है उससे स्पष्ट है कि भाजपा को इस सीट पर बड़ा चेहरा ही जीत दिला सकता है। स्थानीय उम्मीदवारों की भाजपा में लंबी सूचि है लेकिन उनमें से कोई भी प्रत्याशी जीतने लायक स्थिति में नही है यह बात केन्द्रीय नेतृत्व को अच्छे से मालूम है। यह भी उल्लेखनीय है कि कोरबा लोकसभा सीट से तैयारी कर रहे दावेदार किसी ना किसी रूप मे कमजोर माने जा रहे थे,कई दावेदार तो गुटबाजी के शिकार भी थे।

## कोरबा और बस्तर सीट पर भाजपा का विशेष ध्यान

चार जिलों की आठ विधानसभा सीट मे बंटे कोरबा लोकसभा सीट पर इस बार भाजपा केन्द्रीय नेतृत्व का विशेष ध्यान है, पिछली बार मोदी लहर के बावजूद भाजपा ने बस्तर समेत कोरबा लोकसभा सीट गंवा दी थी। पिछले तीन वर्षो से चुनावी तैयारी के बीच भाजपा ने इन दोनो ही सीट को ध्यान में रखते हुए कार्य किया है। बात अगर कोरबा लोकसभा के संबंध में की जाए तो केन्द्रीय मंत्री गिरीराज सिंह ने इस लोकसभा क्षेत्र का कई बार दौरा किया,केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी इस लोकसभा में अपनी सभा लेकर एक संदेश देने की कोशिश की थी। तभी से यह लगने लगा था कि भाजपा पिछली बार की हार को यहां दोहराना नही चाहती है। लगातार पार्टी नेताओं को इस सीट पर मेहनत करते भी देखा गया है।

## केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक मे लगी नाम पर मुहर,घोषणा कभी भी

बतलाया जा रहा है कि गुरूवार रात दिल्ली में केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक रखी गई थी जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत गृह मंत्री अमित शाह,पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित समिति के सदस्य शामिल हुए। छत्तीसगढ से बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय,प्रदेश अध्यक्ष किरण देव आदि नेताओं के शामिल होने की खबर है। इस बैठक में पिछले लोकसभा चुनाव में हारी हुई सीटों के उम्मीदवार तय होने की जानकारी मिली है,संभावना है कि कोरबा लोकसभा सीट पर सरोज पांडेय का नाम तय किया गया है। पार्टी कभी भी नाम की घोषणा कर सकती है।


सरोज,रणविजय,विकास या अनुराग,भाजपा जल्द करेगी टिकट की घोषणा

कोरबा लोकसभा में अटकलों का बाजार गर्म,महंत परिवार के सामने मजबूत प्रत्याशी होगा पार्टी की पसंद

केन्द्रीय नेतृत्व लेगा सरोज पांडेय पर फैसला

विकास महतो दावेदारी में सबसे आगे

LOK SABHA ELECTIONS 2024

रणविजय भी हो सकते हैं पार्टी की पसंद

## सरोज पांडेय ने दी कार्यो की स्वीकृति,इस वजह से बढी संभावना

घटती-घटना अखबार ने पहले ही इस बात का संकेत दे दिया था कि कोरबा लोकसभा सीट से भाजपा राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय को भी मैदान में उतार सकती है, लगातार उनके नाम की चर्चा भी चलने लगी थीं। हलांकि उनका चुनावी दौरा अभी तक इस क्षेत्र में नही हुआ है लेकिन इसके बाद भी उनके इस लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने की पूरी संभावना है। राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय द्वारा फरवरी माह में ही लोकसभा की सभी विधानसभा क्षेत्रों में 1-1 करोड़ के कार्यो की स्वीकृति दी गई है जिससे कि उनके चुनाव तैयारियों को बल मिलता है। बैकुंठपुर विधानसभा क्षेत्र के 20 ग्राम पंचायतो में अलग-अलग 5 लाख 20 हजार की लागत से सोलर हाईब्रीड लाईट लगाने की अनुशंशा की गई है। जिसके बाद यह संभावन बढ गई है कि वे कोरबा लोकसभा क्षेत्र से ही दावेदारी कर रही हैं ।

# कोरिया में नाबालिक के मां बनने और प्रसव उपरांत बच्चे को दफन करने का मामला पहुंचा थाने

## मामला कोरिया जिले के सोनहत क्षेत्र का, नाबालिक छात्रावास की छात्राःसूत्र

-रवि सिंह-
मनेन्द्रगढ़,29 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

कोरिया जिले में नाबालिक लड़की के मां बनने की बात सामने आई है। मामला सोनहत थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है वहीं यह भी बताया जा रहा है की नाबालिक ने प्रसव के दौरान जिस बच्चे को जन्म दिया उसे दफन कर दिया गया था जिसका शव बरामद कर अंबिकापुर भेजा गया है जहां फोरेंसिक की टीम के समाने पोस्टमार्टम होगा नवजात के शव का। कोरिया जिले के सोनहत क्षेत्र की पुलिस जांच में जुटी हुई है जैसा बताया जा रहा है। वहीं शव को जमीन से खोदकर पुलिस ने बरामद किया है। पूरे मामले में जिला अस्पताल बैकुंठपुर की शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर पलव्वी पैकरा ने बताया की आज कैजुअल्टी में मौजूद डॉक्टर श्रीनाथ ने उन्हे बताया की एक अज्ञात कन्या शिशु के पोस्टमार्टम का मामला आया है। चूंकि ऐसे मामले में उम्र



और डी एन ए जांच की व्यवस्था जिला अस्पताल बैकुंठपुर में नहीं है इसलिए मामले को अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया है इस मामले में रेडियोलॉजिस्ट की भी जरूरत होगी उन्होंने बताया।

जानकारी जो मिल पा रही है उसके अनुसार जिले के सोनहत अंतर्गत नाबालिक के गर्भवती और फिर एक बच्ची को जन्म देने की सूचना पुलिस को मिली, जिसके बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए सोनहत सरकारी हॉस्टल के बाहर से नवजात के शव को बरामद करने जानकारी की तफ्तीश करती हुई नाबालिक मां के घर पहुंची और जहां उसकी बाड़ी से शव खोदकर बरामद किया।जिसके बाद शव का पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेजा गया पुलिस भी साथ पहुंची। वहीं पूरे मामले में पुलिस कुछ भी कहने को तैयार नहीं है,वहीं जिला अस्पताल से शव को अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। मेडिकल कॉलेज में रेडियोलॉजिस्ट साथ ही फोरेंसिक एक्सपर्ट की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम होगा। मामला दो पुलिस थानों से जुड़ा नजर आ रहा है मामला सोनहत थाना क्षेत्र के किसी छात्रावास से सामने आया और शव बरामद पुलिस थाना चरचा क्षेत्र से हुआ ऐसे में दोनो पुलिस थाना पूरे मामले में जांच कर रही है वहीं मामला छात्रावास की नाबालिक से जुड़ा हुआ है ऐसा सूत्रों का कहना है जो गंभीर मामला हो सकता है, पुलिस के जांच से हो सकता है बड़ा खुलासा।

# सर्व समाज सामूहिक विवाह कार्यक्रम स्थल में पहुंचे सरगुजा संभागायुक्त

## नव विवाहित जोड़ों को दिया आशीर्वाद और उज्जवल भविष्य की कामना की





-संवाददाता-
सूरजपुर 29 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

विकासखंड प्रतापपुर, बंशीपुर के श्री राम मंदिर में सर्व समाज सामूहिक विवाह समिति द्वारा क्रमशः 27, 28 व 29 फरवरी को सामूहिक विवाह का आयोजन कराया जा रहा है। जिसमें सरगुजा संभाग के संभागायुक्त श्री गोविन्दराम चुरेन्द्र भी अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि सर्व समाज सामूहिक विवाह कार्यक्रम सभी समाज के लिए एक अनुकरणीय पहल है। यह बहुत अच्छी बात है कि सामूहिक विवाह को लेकर अब लोगों में जागरूकता बढ़ रही है। उन्होंने आगे कहा कि पहले से चली आ रही अच्छी परंपराओं को आगे बढ़ाने के साथ-साथ, नई परंपराओं को अपने से ही समाज तेजी से आगे बढ़ता है। इस अवसर पर उन्होंने नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना भी की।

# बोर्ड परीक्षा में अव्वल आने वाले छात्रों को विधायक देंगी स्कूटी व बाइक

## पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री विधायक रेणुका सिंह ने बोर्ड परीक्षर्थियो को दी शुभकामनाएं

-संवाददाता-
मनेन्द्रगढ़,29 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।



पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री विधायक रेणुका सिंह ने बोर्ड परीक्षाओं में अव्वल आने वाले विद्यार्थियों को स्कूटी व बाइक देने की घोषणा की है। विधायक रेणुका सिंह ने अपने भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र में 10 वी व 12 वी में अव्वल आने वाले छात्रों को स्कूटी या बाइक देने का ऐलान किया है। विधायक ने कहा है कि ऐसे ऐलान से छात्रों में पढ़ाई के प्रति लगाव बढ़ेगा। भरतपुर सोनहत विधायक रेणुका सिंह ने कहा है कि, प्रदेश मे कल से बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो रही है। शुक्रवार से 12 वी की व शनिवार से 10 वी की बोर्ड परीक्षा शुरू हो रही है। मुझे पूरा विश्वास है कि विद्यार्थी इस बार पूर्व से भी ज्यादा अच्छे परिणाम लायेंगें एवं अपने क्षेत्र का गौरव बढ़ाएंगे। सभी परीक्षार्थियों की सफलता के लिए मेरी बहुत-बहुत शुभकामनाएँ है। मेरे विधानसभा क्षेत्र भरतपुर सोनहत में शिक्षा के प्रति लोगो को जागरूक करने के लिए ऐसी घोषणा होने से वनांचल क्षेत्र के बच्चे मन लगाकर पढ़ाई करेंगे और अव्वल आने भरसक प्रयास करेंगे। रेणुका सिंह ने छात्रों से खूब मन लगाकर पढ़ने और आगे बढ़ने की अपील करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## बिना किसी तनाव के दे परीक्षा

पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री व भरतपुर सोनहत विधायक रेणुका सिंह ने कहा कि, परीक्षा के समय किसी प्रकार का घबराहट व डर मन में न पाले।छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं 12वीं की बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने वाले सभी छात्र-छात्राओं को मैं उज्जवल भविष्य की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं देती हूं। प्रदेश के बच्चों को कहना चाहूंगी कि आत्मविश्वास के साथ परीक्षा में सम्मिलित हो, कोई भी छात्र हताश या निराश न हो, आने वाला समय आपका होगा। सकारात्मकता के साथ आगे बढ़ते रहे, सभी बेटे व बेटियों को शुभकामनाएं।

# सर्व आदिवासी समाज के साथ छग आदिवासी कांग्रेस ने कलेक्टर ने नाम सौंपा ज्ञापन

## आदिवासी युवती के लिए की गई न्याय सहित उसके इलाज की मांग



-संवाददाता-
बैकुण्ठपुर,29 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

कोरिया जिले में सर्व आदिवासी समाज जिला कोरिया ने 29 फरवरी को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करते हुए कलेक्टर कोरिया को ज्ञापन सौंपा जिसमे जिले की एक आदिवासी युवती के साथ हुए अनाचार सहित उसके साथ हुई बर्बरता के लिए न्याय की मांग की गई। वहीं पीड़ित युवती के साथ हुए अन्याय मामले में यह भी मांग की गई की तत्कालीन जांच अधिकारी विवेचना अधिकारी पुलिस के ऊपर भी कार्यवाही की जाए वहीं पीड़ित युवती के पूर्व के बयान विलोपित कर पुनः बयान लिया जाए क्योंकि पीड़ित युवती के हस्ताक्षर फर्जी होने का संदेह है।

सर्व आदिवासी समाज ने कलेक्टर कोरिया से यह भी मांग की है की युवती के साथ हुए अनाचार मामले में उसे एसिड जैसे ज्वलनशील पदार्थ से जलाया भी गया है वहीं जिसके बाद उसके इलाज में भी कोताही बरती गई और उसका समुचित इलाज जिला चिकित्सालय में नहीं किया गया उसे डिस्चार्ज कर दिया गया जिसके बाद से ही युवती की हालत गंभीर बनी हुई थी और फिलहाल उसका इलाज रायपुर के कालड़ा हॉस्पिटल में चल रहा है जहां इलाज का खर्च काफी ज्यादा आने का अनुमान है। इलाज का खर्च डीएमएफ मद से दिए जाने की मांग भी धरना प्रदर्शन उपरांत सौंपे गए ज्ञापन में की गई है। पूरे मामले में सर्व आदिवासी समाज ने यह आरोप भी लगाया हैं की युवती का इलाज समय पर किया गया होता तो उसकी स्थिति आज जैसी गंभीर नहीं होती। सर्व आदिवासी समाज के आहवान को छत्तीसगढ़ आदिवासी कांग्रेस का भी साथ मिला जिलाध्यक्ष विजय सिंह ने आहवान में अपनी ताकत झोंककर इस धरना प्रदर्शन को सफल बनाया।

# एकलव्य सयुंक्त आदर्श आवासीय विद्यालय पोड़ीडीह लगता है कोई कुबेर का खजाना तो नहीं है जहां पदस्थ शिक्षक/व्याख्याता भारमुक्त नहीं होना चाहते

## एकलव्य संयुक्त आदर्श आवासीय विद्यालय के प्रभारी व्याख्याता बनने लगी हैं होड़ आखिर ऐसा क्या है इस एकलव्य संयुक्त विधालय में जहां पर प्रभारी बनने विभाग में लगती है बोली?

## क्या एकलव्य संयुक्त आदर्श आवासीय विद्यालय कोई सोने की खान तो नहीं है जहां से पदस्थ प्रभारी व्याख्याता जाना ही नहीं चाहते हैं?



-राजेन्द्र शर्मा-
खड़गवां,29 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।

खड़गवां हायर सेकंडरी स्कूल में व्याख्याता की कमी के बाद भी एकलव्य संयुक्त आवासीय विद्यालय पोडीडीह में व्याख्याता की पदस्थापना कर हायर सेकंडरी स्कूल के छात्र छात्राओं की पढ़ाई हो रही है प्रभावित क्या प्रशासन इस पर संज्ञान लेगा या हायर सेकंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं को व्याख्याता कि कमी से जूझना पड़ेगा ?

कार्यालय तात्कालिक कलेक्टर एवं दंडाधिकारी जिला मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर छत्तीसगढ़ से आदेश क्रमांक2707/सथा0/शिक्षा /2023--24दिनांक 19/09/2023/ को मनीष व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खड़गवां (संलग्न ) कार्यरत संस्था एकलव्य संयुक्त आवासीय विद्यालय पोडीडीह अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यालयों द्वारा शिक्षकीय संवर्ग के कर्मचारियों को विभिन्न आदेशो के तहत अध्यापन एवं कार्यालयीन कार्यों हेतु व्यवस्था के तहत आदेशित किया गया था।वर्तमान में शासन द्वारा संलगनीकरण समाप्त किए जाने हेतु निर्देशित किए गए हैं उक्त निर्देशानुसार निम्नलिखित शिक्षकों /व्याख्याताओ को कलम नंबर 05 मे दर्शित उनके मूल पदस्थापना हेतु कार्य मुक्त किया जाता है यह आदेश तत्काल प्रभाव शील होंगा। एकलव्य सयुंक्त आदर्श आवासीय विधालय पोडीडिह विकास खंड खडगवा में प्रभारी व्याख्याता मनीष एकलव्य आवासीय विद्यालय पोडीडीह के दायित्व से मुक्त करते हुए उनके मूल पदस्थापना शा.उ.मा.वि खड़गवां हेतु वापस किया जाता है। उसके बाद भी प्रभारी व्याख्याता का मोह एकलव्य सयुंक्त आवासीय विद्यालय पोडीडिह विकास खंड खडगवा से नहीं जा रहा है आखिर क्यों ? जबकि मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर जिले के तात्कालिक कलेक्टर महोदय के आदेश के तहत सभी विकास खंडों में संलग्न शिक्षकों / व्याख्याताओ को भारमुक्त कर दिया गया है। मगर खड़गवां विकास खंड के एकलव्य संयुक्त आदर्श आवासीय विद्यालय में संलग्न शिक्षकों/ व्याख्याता आज तक संलग्न है उन्हें आज तक संस्था से भारमुक्त नहीं किया गया और आज भी उसी एकलव्य संयुक्त आवासीय विद्यालय पोडीडीह में पदस्थ रहते हुए कार्य कर रहे हैं। गौरतलब हो कि यह आदेश तात्कालिक कलेक्टर महोदय का तत्काल प्रभावशील होगा उसके बाद भी प्रभारी व्याख्याता कलेक्टर के आदेश को दरकिनार करते हुए कार्य है। सूत्रों से मिली जानकारी से कि एकलव्य आवासीय विद्यालय पोडीडीह में संलग्नीकरण के लिए व्याख्याता ने जुगाड से अपना स्थान सुरक्षित कर लिया? आज भी उसी एकलव्य संयुक्त आवासीय विद्यालय में कार्य कर रहे है इससे ऐसा प्रतीत होता है कि विभाग के अधिकारियों के संरक्षण और जुगाड में ही ये शिक्षक/व्याख्याता मनमाने तरीके से एकलव्य सयुंक्त आदर्श विधालय मे डटे हुए हैं। नहीं किया गया था मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर तात्कालिक कलेक्टर के आदेश का पालन जबकि तात्कालिक कलेक्टर महोदय के आदेश में स्पष्ट लिखा था कि तत्काल प्रभाव शील होंगा आखिर ऐसा क्या है? इस एकलव्य आवासीय विद्यालय पोडीडीह में जहां से भार मुक्त नहीं होना चाहते हैं प्रभारी व्याख्याता? आदिवासी विकास विभाग में मात्र अधिकारीओ का राज रह गया है और जुगाड से इस एकलव्य संयुक्त आवासीय विद्यालय पोडीडीह में संलग्ननीकरण का खेल धड़ल्ले से चल रहा है? इस संबंध मे एकलव्य आवासीय विद्यालय पोडीडीह के प्रभारी व्याख्याता से उसके मोबाइल नंबर 9098975841 के माध्यम से उनका पक्ष जानने लिए संपर्क किया गया तो उनका मोबाइल नेटवर्क क्षेत्र से बाहर था।

# जिले के सभी जनपद पंचायतों में होगा प्लेसमेंट कैम्प

## सुरक्षा जवान के पद पर निकली भर्ती




-संवाददाता-
सूरजपुर 29 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।

जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र के द्वारा जिले के सभी जनपद पंचायतो में प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से 250 सुरक्षा जवान के पद पर भर्ती होनी है। उक्त पद के लिए पुरूष आवेदक ही पात्र होगें आवेदक की उम्र 18 से 40 वर्ष के बीच होनी चाहिए तथा न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं पास होनी चाहिए। इन प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन प्रातः 11 बजे से संध्या 3 बजे तक जनपद पंचायत भैयाथान में 04 मार्च, जनपद पंचायत ओड़गी में 05 मार्च, जनपद पंचायत रामानुजनगर 07 मार्च, जनपद पंचायत प्रेमनगर 11 मार्च, जनपद पंचायत प्रतापपुर 12 मार्च एवं जनपद पंचायत सूरपजपुर में 13 मार्च 2024 को सुनिश्चित की गई है। जिसमें इच्छुक सभी उम्मीदवार वांछित दस्तावेजों के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज करा सकते है।

# सब मेजर और पैरा कमांडो स्पेशल ट्रेनर ने युवाओं को किया प्रेरित

## अग्निवीर भर्ती के लिए युवाओं में दिखा उत्साह, 500 से 600 युवा पहुंचे ऑडिटोरियम






-संवाददाता-
सूरजपुर,29 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।

अग्निवीर थल सेना भर्ती के संबंध में युवाओं को जानकारी व प्रेरणा देने के लिये रायपुर से सब मेजर सतीश कुमार असिस्टेंट रिक्यूटिंग ऑफिसर व बिलासपुर से पैरा कमांडो स्पेशल ट्रेनर पुरुषोत्तम कुमार चंद्रा सूरजपुर ऑडिटोरियम भारतीय सैन्य बल में अग्निवीर भर्ती हेतु जिला स्तरीय कार्यशाला पहुचें थे। जहां उन्होंने बड़ी संख्या में ऑडिटोरियम में उपस्थित युवाओं को सेना के संबंध में जानकारी उपलब्ध कराई। उन्होंने अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया के साथ-साथ युवाओं को सेना से संबंधित अन्य जानकारियां भी मुहैया कराई। इसके साथ ही ज्यादा से ज्यादा युवा देश सेवा के क्षेत्र में आगे आए इसके लिए उन्हें प्रेरित किया। सूरजपुर ऑडिटोरियम आज युवाओं से भरा हुआ था। लगभग 500 से 600 युवा अग्नि वीर भर्ती के संबंध में जानकारी प्राप्त करने के लिए पहुंचे हुए थे। जिनमें से कुछ युवाओं द्वारा भर्ती प्रक्रिया और सेना के संबंध में उपस्थित अतिथियों से सवाल जवाब किए गए। जिस पर उपस्थित अतिथियों द्वारा आवश्यक जानकारी देकर उन्हें संतुष्ट किया गया। कार्यक्रम में अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया में चयनित चार उम्मीदवार श्री शुभम पाल, श्री अनिल कुमार साहू, श्री रवि शंकर और श्री सागर यादव को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में बाबूलाल अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, थलेश्वर साहू, अजय अग्रवाल व अन्य जनप्रतिनिधि, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदनी साहू, जिला रोजगार अधिकारी सुश्री चारु चित्रा व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# हेलमेट व सीट बेल्ट को लेकर चलेगा सतत् जागरुकता अभियान





-संवाददाता-
सूरजपुर 29 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।

कलेक्टर रोहित व्यास की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में जिला स्तरीय सुरक्षा समिति बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व में हुई सड़क दुर्घटना की जानकारी यातायात विभाग के संबंधित अधिकारी द्वारा ली गई। बैठक में आंकड़ों के आधार पर सड़क दुर्घटना के मुख्य कारकों को चिन्हित किया गया। जिसमें दोपहिया चालक द्वारा हेलमेट न पहनना, मद्यपान कर वाहन चलाना, यातायात नियमों के जानकारी का अभाव जैसे बिंदु सामने आए। कलेक्टर ने उपस्थित संबंधित अधिकारियों को उक्त बिंदुओं पर सकारात्मक कदम उठाते हुए, यातायात नियमों पर सघन प्रचार प्रसार करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने हेलमेट व चार पहिया वाहनों के लिए सीट बेल्ट पर सतत जागरूकता अभियान चलाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। गाड़ी चालकों के लाइसेंस, आरसी बुक और गाड़ी की बीमा के कागजात की चेकिंग नियमित रूप से संचालित रहे इसके लिए उन्होंने यातायात विभाग को स्पष्ट निर्देश दिये। बैठक में उन्होंने आरटीओ डिपार्टमेंट को स्कूल व कॉलेज में लर्निंग लाइसेंस व लाइसेंस के लिए कैंप लगाने के लिए निर्देशित किया ताकि स्कूलों में 16 वर्ष की आयु पूरी कर चुके विद्यार्थी व कॉलेज के विद्यार्थी लाइसेंस होने की स्थिति में ही स्कूल एवं कॉलेज में गाड़ियों से आवागमन कर सकें। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को सभी स्कूल बसों की फिटनेस चेकिंग व स्कूल बस के ड्राइवर व हेल्पर का चरित्र सत्यापन पुलिस विभाग से करवाने के लिए निर्देशित किया। इसके साथ ही बैठक में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए सड़क सुरक्षा के विभिन्न उपायों पर चर्चा की गई जिससे कि सड़क दुर्घटनाओं के ग्राफ को नीचें चलाया जा सके। इस अवसर पर बैठक में जिला परिवहन अधिकारी श्री अमित कश्यप, सीएमएचओ श्री आर एस सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी श्री राम ललित पटेल, यातायात प्रभारी श्री राठिया व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।




# घरेलू गैस सिलेंडर का अवैध व्यावसायिक उपयोग पर रोक



-संवाददाता-
सूरजपुर 29 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।

कलेक्टर रोहित व्यास द्वारा जन चौपाल कार्यक्रम में आवेदक अच्छेलाल विश्वकर्मा द्वारा जिला सूरजपुर अंतर्गत घरेलू गैस सिलेंडर को व्यावसायिक रूप से होटल, ठेलों एवं अन्य स्थानों पर इस्तेमाल कर रहे व्यक्तियों के ऊपर नियमानुसार कार्यवाही किये जाने हेतु पत्र प्रस्तुत किया गया है। संदर्भित पत्र क्र. 02 के माध्यम से विभाग द्वारा घरेलू सिलेण्डरों का व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर उपयोग रोकने हेतु तथा सरकारी तेल कंपनी वितरण प्रणाली की (डीएसी) बायोमेट्रिक, बारकोडिंग कराने के संबंध में राज्य स्तरीय समन्वयक ऑयल उद्योग (एस.एल. आर.) व्ही.आई.पी. रोड रवि ग्राम तेलीबांधा रायपुर (छ.ग.) को पत्र प्रेषित किया गया है। घरेलू गैस सिलेण्डर का व्यावसायिक उपयोग द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय और वितरण विनियमन) आदेश 2000 की कंडिका 3(1) ख, 4(1) क ग, 6, 7(1) क, का उल्लंघन है। जो आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत दण्डनीय है। क्षेत्रान्तर्गत होटल, ठेलों एवं अन्य स्थानों पर घरेलू गैस सिलेण्डरों के उपयोगकर्ता व्यक्तियों को व्यवसायिक कनेक्शन लेने तथा व्यावसायिक सिलेण्डरों का उपयोग करने संबंधितों को एक सप्ताह के भीतर निर्देशों का पालन करने के कड़े निर्देश दें एवं एक सप्ताह पश्चात निर्देशो का पालन नहीं करने वाले व्यक्तियों पर कार्यवाही करने के लिये सुनिश्चित करें।

**कार्यालय अधीक्षक, जिला जेल रामानुजगंज**
**जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)**

निविदा-सूचना
परिशिष्ट-3
नियम 4.4.2

वार्षिक/अर्द्धवार्षिक ठेका वर्ष 2024-2025 प्रथम आमंत्रण विज्ञप्ति क्रमांक 01 दिनांक 27/02/2024

जिला जेल रामानुजगंज, जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ0ग0) में परिरूद्ध बंदियों हेतु खाद्यान्न सब्जियां एवं अन्य आवश्यक सामाग्रियां क्रय करने के लिए वर्ष 2024-2025 हेतु सील बंद निविदायें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक व्यापारी निविदा प्रपत्र एवं निविदा से संबंधित पूर्ण जानकारी अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर (आयकर प्रमाण पत्र सहित) रूपये- 2000/- नगद भुगतान कर दिनांक 19/03/2024 तक शासकीय अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्यालयीन दिवस में प्रातः 09:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक प्राप्त कर सकते हैं एवं जेल विभाग की वेबसाइट jail.cg.gov.in पर भी देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

निविदा प्रपत्र बिक्री की अंतिम तिथि -19/03/2024 समय दोपहर 01:00 बजे तक
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - 20/03/2024 समय प्रातः 11:00 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि - 20/03/2024 समय अपरान्ह 04:00 बजे स्थान-जिला जेल रामानुजगंज जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ0ग0)

जी नंबर-08142/4

जेल अधीक्षक
जिला जेल रामानुजगंज (छ.ग.)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)/सक्षम प्राधिकारी , सूरजपुर, जिला-सूरजपुर छ0ग0**

रा0प्र0क्रं0 /अ-2/2023-2024

**ईश्तहार**

एतद्द्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम-गोपालपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती बसंती पति स्व. बजरंग जाति गोड़, निवासी ग्राम गोपालपुर, तहसील व जिला सूरजपुर छ0ग0 द्वारा उनके स्वत्व एवं अधिपत्य की भूमि ग्राम-गोपालपुर, प.ह.न. नं. 08, रा.नि.मं. सूरजपुर, तहसील सूरजपुर स्थित स्वयं के खाते की भूमि खसरा क्रमांक 280/2 रकबा 0.028 हे0 कृषि भूमि को आवासीय प्रयोजन के लिए भूमि व्यपवर्तन हेतु इस न्यायालय में आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 11/03/2024 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। उसके पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 26/02/2024 को न्यायालयीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

(सील)

विशेष कर्त्तव्याधिकारी
भूमि व्यपवर्तन, सूरजपुर

**न्यायालय नायब तहसीलदार अम्बिकापुर-02 जिला-सरगुजा छ.ग.**

रा0प्र0क्रं0 202309021700009 /अ-6/2023-2024

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेश कुमार गुप्ता आ0 स्व0 मदन प्रसाद गुप्ता, निवासी देवीगंज रोड अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 मुख्तार आम वास्ते अशोक कुमार गुप्ता आ0 स्व0 मदन गुप्ता, निवासी देवीगंज रोड अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम भगवानपुरखुर्द स्थित भूमि खसरा नंबर 179/1 रकबा 1.760 हे0 में से 1000 वर्गफीट के राजस्व अभिलेखों में पंजीबद्ध विक्रयपत्र दिनांक 27/06/2020 के आधार पर भूमि स्वामी कमलेश्वर प्रताप सिंह आ0 स्व0 कृष्णा प्रताप सिंह, व अन्य 01, निवासी विजय मार्ग संगम चौक अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 का नाम विलोपित करते हुए अपना नाम दर्ज कराने हेतु ऑनलाईन नामांतरण पंजी के माध्यम से नामांतरण की कार्यवाही हेतु प्रस्तुत किया गया था। नामांतरण कार्यवाही के दौरान साक्ष्य की आवश्यकता प्रतीत होने के कारण विधिवत नामांतरण हेतु राजस्व न्यायालय ई-कोर्ट के माध्यम से दर्ज कर कार्यवाही प्रारंभ किया गया है।

उक्त संबध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 18/03/2024 से पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 26/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

(सील)

नायब तहसीलदार
अम्बिकापुर-2

## संक्षिप्त खेल समाचार

### ज्योति रंधावा न्यूजीलैंड में 51 वें स्थान पर



**क्वीन्सटाउन ,29 फरवरी 2024।** अनुभवी भारतीय गोल्फर ज्योति रंधावा, जो अपना समय एशियन टूर और लीजेंड्स यूरोपियन टूर के बीच बांटने की योजना बना रहे हैं, ने न्यूजीलैंड ओपन में अच्छी शुरुआत की और गुरुवार को शुरुआती दौर में दो अंडर 69 का कार्ड खेला।50 वर्षीय भारतीय, जो पूर्व एशियाई टूर नंबर 1 है, को प्रो-एम प्रारूप वाले कार्यक्रम में पहले दौर के बाद संयुक्त 51वें स्थान पर रखा गया था।10वीं टी से शुरुआत करते हुए, रंधावा बैक-नाइन में चार अंडर 32 के मजबूत स्कोर के साथ आगे बढ़े और पहले होल में बर्डी के साथ पांच अंडर पर थे।फिर पार-4 पांचवें होल पर एक भयानक ट्रिपल बोगी आई और उनका स्कोर दो-अंडर तक गिर गया। वह इस सप्ताह मैदान में एकमात्र भारतीय हैं।

### क्रिस्टियानो रोनाल्डो पर लगा एक मैच का बैन



**सउदी,29 फरवरी 2024।** प्रो लीग फुटबॉल में अल नासर के लिये खेलते हुए कथित तौर पर अश्लील इशारे करने की वजह से पुर्तगाल के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो एक मैच के लिये निलंबित कर दिये गए हैं। अल नासर ने स्थानीय प्रतिद्वंद्वी अल शबाब को 3 . 2 से हराया जिसके बाद रोनाल्डो ने विरोधी टीम के समर्थकों को देखकर अभद्र इशारे किये। दर्शक उनके चिर प्रतिद्वंद्वी लियोनेल मेस्सी के नाम से ' मेस्सी मेस्सी' के नारे लगा रहे थे। सउदी अरब फुटबॉल महासंघ की अनुशासन और नैतिकता समिति ने सोशल मीडिया पर बृहस्पतिवार को इस निलंबन की घोषणा की। अल नासर को अगले मैच में अल हजम से खेलना है।

### निकोलस पूरन का बढ़ा कद



**लखनऊ,29 फरवरी 2024।** आईपीएल 2024 का 22 मार्च से आगाज हो रहा है। टूर्नामेंट का पहला मैच चेन्नई सुपर किंग्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच खेला जाएगा। टूर्नामेंट के लिए सभी टीमों ने तैयारी लगभग पूरी कर ली है। वहीं इस सिलसिले में लखनऊ ने एक अहम घोषणा की है। जहां वेस्टइंडीज के क्रिकेटर निकोलस पूरन को उपकप्तान बनाया। लखनऊ ने इसकी जानकारी सोशल मीडिया के जरिए दी है। लखनऊ ने एक्स पर एख पोस्ट शेयर की है। इसमें केएल राहुल के साथ निकोलस पूरन नजर आ रहे हैं। साथ ही टीम ने कैप्शन में लिखा है कि, पूरन को उपकप्तान बनाया गया है।

# पांचवें टेस्ट से पहले टीम इंडिया में बड़ा बदलाव

» एक खिलाड़ी किया बाहर और दिग्गज की वापसी
» धर्मशाला टेस्ट में बुमराह वापसी करेंगे
» सिलेक्टर्स ने वॉशिंगटन सुंदर को रणजी के लिए रिलीज किया



**मुंबई,29 फरवरी 2024।** धर्मशाला टेस्ट में जसप्रीत बुमराह की वापसी हुई है। बुमराह को रांची टेस्ट से आराम दिया गया था। केएल राहुल को टीम में जगह नहीं मिली है। इतना ही नहीं, सिलेक्टर्स ने वॉशिंगटन सुंदर को रणजी ट्रॉफी का सेमीफाइनल खेलने के लिए नेशनल टीम से रिलीज किया है। सुंदर टीम में थे, लेकिन उन्हें एक भी मैच नहीं खिलाया गया था। बोर्ड ने गुरुवार को बताया कि राहुल इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की सीरीज का आखिरी मुकाबला नहीं खेलेंगे। वे मैच फिटनेस हासिल नहीं कर सके हैं। बीसीसीआई की मेडिकल टीम उनकी इंजरी को मॉनीटर कर रही है। धर्मशाला टेस्ट 7 मार्च से 11 मार्च के बीच खेला जाएगा।

### इंग्लैंड में इलाज करा रहे हैं राहुल

केएल राहुल अपनी चोट का इलाज कराने के लिए इंग्लैंड गए हुए हैं। इस संबंध में बीसीसीआई ने कहा कि बोर्ड की मेडिकल टीम स्पेशलिस्ट की निगरानी में उनकी इंजरी को मॉनीटर कर रही है। राहुल के इंग्लैंड जाने की बात पहले ही कुछ रिपोर्ट में आ चुकी है।

### पहले टेस्ट में चोटिल हुए थे राहुल

केएल राहुल को इंग्लैंड के खिलाफ हैदराबाद टेस्ट के दौरान दाहिने क्वाड्रिसेप्स में दर्द हुआ था। जिसके लिए पिछले साल उनकी सर्जरी हुई। ऐसा माना जा रहा है कि अभी भी उन्हें कुछ परेशानी है। इसके बाद से वे सीरीज के बाकी मैच नहीं खेल सके।

### सीरीज जीत चुका है भारत, रांची टेस्ट 5 विकेट से जीता

भारतीय टीम आखिरी मुकाबले से पहले ही सीरीज में अजेय बढ़त हासिल कर चुका है। टीम इंडिया ने रांची टेस्ट में इंग्लैंड को 5 विकेट से हराया था। इस जीत से भारत को पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त मिली।

### 5 वें टेस्ट के लिए भारत का अपडेट स्क्वायॅड

रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, रजत पाटीदार, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), केएस भरत (विकेटकीपर), देवदत्त पड्डीकल, रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, आकाश दीप।

## महिला प्रीमियर लीग 2024 में क्लिनिकल गेंदबाजी ने आरसीबी को गुजरात जायंट्स पर आसान जीत दिलाई



**बेंगलुरु,29 फरवरी 2024।** महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) सीजन 2 के 5वें मैच में स्पिनर सोफी मोलिनक्स (3-25) और तेज गेंदबाज रेणुका सिंह (2-14) की अगुवाई में शानदार गेंदबाजी की मदद से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने गुजरात जायंट्स को 45 गेंदें बाकी रहते 107/7 पर रोक दिया और आठ विकेट से बड़ी जीत हासिल कर ली। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। उन्हें जल्द ही सफलता मिली, जब यहां एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में रेणुका सिंह ने बोर्ड पर सिर्फ 11 रन बनाकर गुजरात जायंट्स की कप्तान बेथ मूनी को आठ रन पर आउट कर दिया। रेणुका ने लेंथ डिलीवरी को थोड़ा आगे बढ़ाया, जिससे अंदरूनी किनारे से बचने और स्टंप्स बिखेरने में मदद मिली। डब्ल्यूपीएल नीलामी में सबसे ज्यादा फायदा पाने वाली फोएबे लीचफील्ड ने रेणुका को 5 रन पर ऋचा घोष के हाथों आउट कर दिया और मोलिनक्स ने वेदा कृष्णमूर्ति को 5 रन पर वापस भेज दिया, गुजरात जाइंट्स 45/3 पर संकट में थे। उनकी मुश्किलें तब और बढ़ गईं, जब हरलीन देयोल, जो 31 में से 22 रन बनाकर अच्छी दिख रही थीं, एक गैरजरूरी सिंगल के लिए रन आउट हो गईं। उस समय गुजरात जायंट्स का स्कोर 50/4 था। दयालन हेमलता ने 25 गेंदों में नाबाद 31 रन बनाकर स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया, हालांकि आरसीबी के गेंदबाजों ने गुजरात की पारी को मजबूती से बांधे रखा। 108 रनों का पीछा करते हुए रॉयल चैलेंजर्स को कप्तान स्मृति मंधाना ने सहारा दिया। उन्होंने 27 गेंदों में 43 रन बनाए। साथी सलामी बल्लेबाज सोफी डिवाइन छह रन बनाकर आउट हो गईं, जिन्हें एशले गार्डनर की गेंद पर मेघना सिंह ने कैच किया, मंधाना को सब्बिनेनी मेघना के रूप में एक अच्छा साथी मिला, जिससे उन्होंने स्कोर आगे बढ़ाया। 72 रन पर कप्तान ने तनुजा कंवर को कैच देकर पवेलियन लौटने की पेशकश की। मेघना, जिन्होंने नाबाद 36 रन (28 गेंद, 5म4, 1म6) बनाए, विकेट पर टिकी रहीं और एलिसे पेरी की मदद से, जिन्होंने 14 गेंदों में चार चौकों की मदद से नाबाद 23 रन बनाए, जिससे आरसीबी 110/2 पर पहुंच गई। 12.3 ओवर में बड़ी जीत पक्की हो गई। संक्षिप्त स्कोर ः गुजरात जायंट्स 20 ओवर में 107/7 (दयालन हेमलता 31 नाबाद, हरलीन देयोल 22; सोफी मोलिनक्स 3-25, रेणुका सिंह 2-14) रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर से 12.3 ओवर में 110/2 से हार (स्मृति मंधाना 43, सब्बिनेनी मेघना 36) नाबाद; एशले गार्डनर 1-16) आठ विकेट से।

## अनीश भनवाला की ट्रायल में लगातार दूसरी जीत



**भोपाल,29 फरवरी 2024।** पेरिस ओलंपिक कोटा धारक और भारत के नंबर 1 हरियाणा के अनीश भनवाला ने राष्ट्रीय राइफल/पिस्टल चयन ट्रायल में दो में से दो जीत हासिल करते हुए एम.पी. राज्य शूटिंग अकादमी रेंज में यहां पुरुषों की 25 मीटर रैपिड-फायर पिस्टल टी4 ट्रायल जीत लिया।

अनीश ने फाइनल में 40 में से 35 हिट लगाए, और एक बार फिर सेना के गुरमीत को 31 हिट के साथ दूसरे स्थान पर छोड़ दिया, जो रविवार को एक दिन पहले टी 3 शीर्ष दो की पुनरावृत्ति थी। एक अन्य पेरिस कोटा धारक विजयवीर सिद्धू 22 हिट के साथ तीसरे स्थान पर रहे। अर्जुन बाबुता ने ट्रायल में पेरिस कोटा धारकों का अच्छा प्रदर्शन जारी रखा, फाइनल में 253.7 के स्कोर के साथ पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल टी 3 ट्रायल जीत लिया। यह पिछले महीने काहिरा आईएसएसएफ विश्व कप में भारत के अंतरराष्ट्रीय टीम के साथी दिव्यांश सिंह पंवार के अंतिम विश्व रिकॉर्ड स्कोर से मेल खाता था, जो विश्व स्तरीय राइफल शूटिंग का प्रदर्शन था। नौसेना के किरण अंकुश जाधव दूसरे स्थान पर रहे जबकि क्वालीफिकेशन टॉपर तमिलनाडु के श्री कार्तिक साबरी राज तीसरे स्थान पर रहे। अर्जुन ने 632.8 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर क्वालीफाई किया था।दिन के तीसरे मैच में, रेलवे की आयुषी पोद्दार ने महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3-पोजीशन (3पी) स्पर्धा 459.7 के अंतिम राउंड स्कोर के साथ जीती। केरल की विदरसा विनोद 457.7 के साथ दूसरे और गुजरात की हीना गोहेई 447.8 के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। आयुषी ने सातवें स्थान की योग्यता हासिल कर इसे महत्वपूर्ण बना दिया। राजस्थान की मानिनी कौशिक 586 के स्कोर के साथ क्वालिफिकेशन राउंड में शीर्ष पर रहीं।

## निशानेबाज अर्जुन ने लगातार दो ट्रायल जीते

### आशी ने विश्व रिकॉर्ड स्कोर तोड़ा



**भोपाल,29 फरवरी 2024।** भारत के शीर्ष राइफल निशानेबाजों ने ग्रूप ए के लिए चल रहे राष्ट्रीय राइफल/पिस्टल चयन ट्रायल में अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखा है, जिसमें पेरिस कोटा धारक अर्जुन बाबूटा ने लगातार ट्रायल जीते और एशियाई खेलों की ट्रिपल पदक विजेता आशी चौकसे ने जीत के रास्ते में विश्व रिकॉर्ड स्कोर को तोड़ा।अर्जुन ने पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल टी4 फाइनल में 252.5 का स्कोर किया, जो दिव्यांश के विश्व रिकॉर्ड (253.7) से सिर्फ 1.2 कम है, जिसे उन्होंने टी3 ट्रायल जीतने से पहले बराबर किया था। तमिलनाडु के श्री कार्तिक सबरी राज (252.2) ने टी3 मैच में अपने तीसरे स्थान में सुधार करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि राजस्थान के यश वर्धन 230.8 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

महिलाओं की 25 मीटर एयर पिस्टल टी 4 में, पूर्व एशियाई खेलों की चैंपियन राही सरनोबत फाइनल में 33 के स्कोर के साथ पहले स्थान पर रहीं, जिन्होंने क्वालिफिकेशन में 583 स्कोर किया था। पंजाब की जसप्रीत कौर 30 हिट के साथ दूसरे स्थान पर रहीं जबकि एयर इंडिया की अन्नू राज सिंह (27) तीसरे स्थान पर रहीं। स्थानीय स्टार आशी चौकसे ने महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन (3पी) टी4 स्पर्धा में शानदार क्वालिफिकेशन राउंड के साथ रेंज में आग लगा दी। उसने दूसरी प्रोन पोजीशन में केवल एक अंक और अंतिम स्टैंडिंग पोजीशन में केवल दो अंक गंवाकर 597 का आश्चर्यजनक स्कोर बनाया। नॉर्वे की जेनी स्टेन और यूएसए की सेगेन मैडालेना द्वारा संयुक्त रूप से रखे गए वर्तमान विश्व रिकॉर्ड से एक अंक आगे था। उन्होंने अपने आत्मविश्वास से फाइनल में आसान जीत दर्ज की, उनका 461.8 अंक केरल की विदरसा विनोद के 457.5 से काफी आगे था। हरियाणा की हिमानी पूनिया तीसरे स्थान पर रहीं। यह दो दिनों में विदरसा का दूसरा स्थान था।

## इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी टेस्ट में डेब्यू कर सकते हैं देवदत्त



**धर्मशाला,29 फरवरी 2024।** भारत और इंग्लैंड के बीच 7 मार्च से धर्मशाला में पांचवां और आखिरी मुकाबला खेला जाएगा। इस सीरीज में भारतीय टीम अभी तक 4 खिलाड़ियों को डेब्यू करा चुकी है। वहीं अब कहा जा रहा है कि, देवदत्त पडिक्कल को आखिरी टेस्ट में डेब्यू का मौका दिया जाएगा। धर्मशाला में मुकाबला 7 मार्च से शुरू होगा, जबकि भारतीय टीम यहां 3 मार्च को एकट्ठा होगी। बीसीसीआई के एक सूत्र ने हिन्दुस्तान टाइम्स को बताया कि, पडिक्कल धर्मशाला में डेब्यू करेंगे। राहुल के उपलब्ध होने की संभावना नहीं है और टीम प्रबंधन पडिक्कल पर नजर रखना चाहता है क्योंकि ये आईपीएल से पहले आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मैच है। रजत पाटीदार अपने डेब्यू के बाद से एक पारी को छोड़कर खास प्रदर्शन नहीं कर सके हैं। विकेटकीपर बल्लेबाज ने 6 पारियों में 10 की औसत से 32,9,5,0,17,0 रन बनाए हैं। पाटीदार के खराब प्रदर्शन के सामने आते ही पडिक्कल का डेब्यू लगभग तय माना जा रहा था। दूसरी ओर, देवदत्त पडिक्कल ने दिखाया है कि उनके पास रेड-बॉल क्रिकेट में रन बनाने की क्षमता है। उन्होंने रणजी ट्रॉफी में कर्नाटक के लिए और फिर इंग्लैंड लायंस के खिलाफ भारत ए के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन किया। पिछले फर्स्ट क्लास मैचों में उनके नाम चार शतक हैं, जिसमें इंग्लैंड लायंस के खिलाफ भी एक शतक शामिल है।

## लीजेंड्स क्रिकेट ट्रॉफी में इरफान पठान,युवराज सिंह,क्रिस गेल शामिल होंगे





**नई दिल्ली,29 फरवरी 2024।** लीजेंड्स क्रिकेट ट्रॉफी में इरफान पठान, युवराज सिंह और क्रिस गेल जैसे बड़े नाम शामिल होंगे और यह 8 से 19 मार्च तक श्रीलंका के कैंडी के पल्लाकेले स्टेडियम में खेला जाएगा। यह आयोजन नए 90-गेंद प्रारूप में महाकाव्य मैचों का वादा करता है जो प्रतिष्ठित प्रतिद्वंद्विता को फिर से जीवंत करेगा और क्रिकेट उत्कृष्टता का जश्न मनाएगा। मैजिकविन स्पोर्ट्स के उपाध्यक्ष विपणन विक्रम सिंह ने सहयोग के बारे में उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, हम क्रिकेट की समृद्ध विरासत का जश्न मनाने में एलसीटी का समर्थन करने के लिए रोमांचित हैं। क्रिकेट के दिग्गजों की विशेषता वाला यह टूर्नामेंट दुनिया भर के प्रशंसकों को लुभाने के लिए तैयार है। हमारा प्रायोजन हमारे समर्पण पर जोर देता है। क्रिकेट को आगे बढ़ाने और खेल के दिग्गजों को सम्मानित करने के लिए। खेल प्रसारण में हमारी व्यापक पहुंच और विशेषज्ञता के साथ, हम क्रिकेट प्रशंसकों को अद्वितीय अनुभव और अविस्मरणीय क्षण प्रदान करने में सक्षम होंगे। लीजेंड्स क्रिकेट ट्रॉफी, एक रोमांचक 90-गेंद प्रारूप में शुरू होने के लिए तैयार है, जिसमें क्रिस गेल, युवराज सिंह और हरभजन सिंह जैसे क्रिकेट के दिग्गजों के मंच पर आने के साथ रोमांचक प्रतिस्पर्धा का वादा किया गया है। श्रीलंका के कैंडी के प्रतिष्ठित पल्लाकेले स्टेडियम में आयोजित होने वाले मैचों में टीमें 5 गेंदबाजों को तैनात करेंगी, जिनमें से प्रत्येक को अपनी छाप छोड़ने के लिए 3 ओवर दिए जाएंगे। उत्साह को बढ़ाते हुए, एक रणनीतिक मोड़ उभरता है क्योंकि एक गेंदबाज को 60वीं गेंद तक 4 ओवर डालने के लिए आगे आना होता है, यह निर्णय प्रदर्शन और रणनीति दोनों से प्रभावित होता है।

## टाइगर श्रॉफ की फिल्म असफलता



टाइगर श्रॉफ ने अपने करियर की शुरुआत हीरोपंती से की थी और इतने सालों में उन्होंने इंडस्ट्री में अपना नाम बनाया है। उनकी ज्यादातर फिल्में एक्शन जॉनर की रही हैं। हालाँकि उनमें से कुछ ने काम किया है, कुछ ने नहीं। हाल ही में नेहा धूपिया के साथ उनके शो पर बातचीत में, बड़े मियां छोटे मियां अभिनेता ने बताया कि वह असफलताओं से कैसे निपटते हैं। टाइगर श्रॉफ विफलता के बारे में बात करते हैं टाइगर श्रॉफ हाल ही में नेहा धूपिया द्वारा होस्ट किए गए नो फिल्टर नेहा के छठे सीजन के एक एपिसोड में दिखाई दिए। अपनी बातचीत के दौरान, बड़े मियां छोटे मियां अभिनेता ने बताया कि वह अपनी फिल्मों की विफलता से कैसे निपटते हैं। उन्होंने कहा, मैं वास्तव में इसे दिल से लेता हूं क्योंकि, आप जानते हैं, मैंने अपनी हर फिल्म में बहुत प्रयास किया है, और मुख्य रूप से क्योंकि मैं एक एक्शन हीरो हूं। आप जानते हैं कि इसमें बहुत कुछ लगता है, शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक तनाव के संदर्भ में, जिसे मैं उन अनुक्रमों से गुजरते हुए खुद पर डालता हूं, आप जानते हैं, इसे जीवन से बड़ा बनाने के लिए। पूरी मंडली। उन्होंने आगे कहा कि एक्शन फिल्म बनाना कोई आसान काम नहीं है, इसलिए जब यह बॉक्स ऑफिस पर काम नहीं करती है। अभिनेता उन दृश्यों से प्रभावित है जिनसे वह गुजरा है। मेरा मतलब है, फिर मैं खुद से सवाल करना शुरू कर देता हूं कि क्या यह इसके लायक है और यह और वह। लेकिन मुझे उस क्षेत्र में रहने के लिए लगभग एक सप्ताह का समय लगता है। और फिर एक बार जब मैं बाहर आ जाता हूं, तो एक बार मैं अगले पर काम करना शुरू कर देता हूं , यह एक तरह से आसान हो जाता है और बेहतर हो जाता है, उन्होंने आगे कहा।

## सिद्धार्थ मल्होत्रा ने अपने हाई-ऑक्टेन एक्शन से प्रभावित किया



सिद्धार्थ मल्होत्रा अभिनीत बहुप्रतीक्षित एक्शन फिल्म योद्धा अब सुर्खियों में है क्योंकि प्रमोशन जोरों पर है। टीज़र और पहला गाना पहले से ही धूम मचा रहा है, लंबे समय से प्रतीक्षित फिल्म के ट्रेलर की रिलीज के साथ उत्साह नई ऊंचाइयों पर पहुंच गया है। यह फिल्म करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस और सिद्धार्थ मल्होत्रा के सहयोगी द्वारा समर्थित है, फिल्म में राशि खन्ना और दिशा पटानी भी हैं। योद्धा का ट्रेलर अब आ गया है सिद्धार्थ मल्होत्रा की फिल्म योद्धा का ट्रेलर आखिरकार आ गया है। ट्रेलर में, सिद्धार्थ मल्होत्रा एक सैनिक और गद्दार दोनों के किरदार में हैं, जो अपने पिता की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए अपनी ही पहचान के खिलाफ एक भयंकर संघर्ष में लगे हुए हैं। दिलचस्प ट्रेलर न केवल बाहरी विरोधियों के खिलाफ बल्कि अपनी पहचान की जटिलताओं के खिलाफ भी उनकी गहन लड़ाई को दर्शाता है। इससे पहले, योद्धा टीम ने उत्साहपूर्वक सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया था, जिसमें टीज़र की तारीख का खुलासा करते हुए कैप्शन दिया गया था, एयरड्रॉपिंग रोमांच सीधे आपकी स्क्रीन पर! आप सभी के साथ इस यात्रा पर निकलने के लिए बहुत उत्साहित हूं। देखते रहिए क्योंकि सयोद्धाटीज़र आ गया है। 19 फरवरी को। सयोद्धा 15 मार्च को सिनेमाघरों में। एक रोमांचक पोस्टर लॉन्च कार्यक्रम में, स्काईडाइवर्स का एक दस्ता दुबई के प्राचीन पानी के ऊपर बादलों के बीच एक्शन से भरपूर थ्रिलर का अनावरण करने के लिए स्वर्ग से नीचे आया। पोस्टर में सिद्धार्थ मल्होत्रा को पूर्ण एक्शन-हीरो मोड में दिखाया गया है, जो एक असॉल्ट राइफल लहराते हुए एक मजबूत व्यक्तित्व का परिचय दे रहे हैं। यह हवाई तमाशा आगामी एड्रेनालाईन-ईंधन वाले सिनेमाई उपचार के लिए उत्साह को बढ़ाता है। सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ, योद्धा में अभिनेत्री दिशा पटानी और राशि खन्ना प्रमुख भूमिकाओं में हैं। पहला साउंडट्रैक, जिंदगी तेरे नाम, एक मधुर स्पर्श जोड़ते हुए, सिद्धार्थ और राशि के बीच की रोमांटिक केमिस्ट्री को खूबसूरती से दर्शाता है। योद्धा एक बड़े जोखिम वाले अपहरण पर केंद्रित एक मनोरंजक कहानी पेश करता है। सागर अंब्रे और पुष्कर ओझा द्वारा निर्देशित, यह फिल्म अमेज़ॅन प्राइम, धर्मा प्रोडक्शंस और मेंटर डिसिपल एंटरटेनमेंट के बीच एक सहयोग है। हीरू यश जौहर, करण जौहर, अपूर्व मेहता और शशांक खेतान द्वारा निर्मित, यह 15 मार्च, 2024 को सिनेमाई रिलीज के लिए तैयार है, जो एक आकर्षक सिनेमाई अनुभव का वादा करता है। वर्कफ्रंट पर सिद्धार्थ मल्होत्रा योद्धा में दिशा पटानी और राशि खन्ना के साथ दिखाई देने के अलावा, सिद्धार्थ मल्होत्रा को आखिरी बार रोहित शेट्टी की वेब सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स में शिल्पा शेट्टी कुंद्रा और विवेक ओबेरॉय के साथ एक पुलिस अधिकारी की भूमिका में देखा गया था। प्रसिद्ध निर्देशक मेघना गुलज़ार के साथ बातचीत में व्यस्त, सिद्धार्थ मैडॉक प्रोडक्शन, स्पाइडर के लिए तैयारी कर रहे हैं, जो 2024 में शुरू होने वाली है, जहां वह जान्हवी कपूर के साथ सह-कलाकार होंगे।

## कंगना को भी आया था सुशांत की जैसे सुसाइड का ख्याल



एक्ट्रेस कंगना रनौत और मशहूर लेखक व गीतकार जावेद अख्तर के बीच लंबे समय से कानूनी जंग चल रही है। जावेद ने कंगना के खिलाफ आपराधिक मानहानि शिकायत की थी। शिकायत साल 2020 में सुशांत सिंह राजपूत की कथित आत्महत्या के बाद कंगना के एक टीवी इंटरव्यू से जुड़ी है। अब इसकी सुनवाई में कंगना ने अंधेरी मजिस्ट्रेट अदालत में सफाई पेश की। कंगना ने बयान देते हुए कहा कि मैंने भी उत्पीड़न की शिकायत की जो फिल्म इंडस्ट्री में झेलती हूं बतौर आउटसाइडर। मेरे मन में भी आत्महत्या का विचार आया था। जब मुझे सुशांत की आत्महत्या के बारे में पता चला तो मुझ पर इसका काफी असर पड़ा था। साल 2016 में जब मेरी और ऋतिक रोशन की कन्ट्रोवर्सी चल रही रही थी तब जावेद अख्तर ने मुझे अपने घर बुलाया और धमकी दी। हालांकि जावेद ने कंगना के इस दावे को गलत बताया है। कंगना का कहना है कि इस मीटिंग के बाद मैं काफी डिप्रेस हो गई थीं। इंटरव्यू के फ्लो में मैंने जावेद का नाम ले लिया था। उस इंटरव्यू के जरिए मैं लोगों को बताना चाहती थीं कि आउटसाइडर्स को फिल्म इंडस्ट्री में किस तरह ट्रीट किया जाता है। मेरा नेचर नहीं है कि मैं उन्हें टारगेट करूं जो मुझे टारगेट करते हैं। कंगना को अब अगली डेट पर जावेद के वकील द्वारा क्रॉस एग्जामिनेशन किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### नहीं रहे पद्मश्री अरुण कुमार शर्मा



**रायपुर,29 फरवरी 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ के पुरातत्वविद पद्मश्री अरुण कुमार शर्मा नहीं रहे। बुधवार रात 11.30 बजे के करीब उनका निधन हुआ। उन्होंने 92 साल की उम्र में अंतिम सांस ली। अरुण कुमार शर्मा ने राम मंदिर बनवाने में अहम भूमिका निभाई। उनकी ही मांग पर राम जन्म भूमि में खुदाई की गई थी। खुदाई में मिले अवशेषों पर उन्होंने रिसर्च किया था। इसके आधार पर कोर्ट में सबूत पेश किए गए थे।मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पद्मश्री अरुण कुमार शर्मा के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

### गनमैन ने खुद को गोली मारकर की आत्महत्या



**कवर्धा,29 फरवरी 2024(ए)।** जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल के सुरक्षाकर्मी कृष्ण कुमार साहू ने अपने सर्विस गन से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। बताया जाता है कि मृतक कृष्ण कुमार साहू छठवीं बटालियन के जवान था। जवान रात में सीईओ संदीप अग्रवाल के पास ड्यूटी में था। सूचना पर पुलिस जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल के निवास पहुंची।

# पीएससी घोटालेबाजों के पासपोर्ट रद्द हो




**रायपुर,29 फरवरी 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ में सीजीपीएससी (छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग) घोटाले पर राजनीति थामने का नाम नहीं ले रही है. बीजेपी ने सीजीपीएससी के पूर्व अध्यक्ष टामन सिंह सोनवानी और संबंधित अधिकारियों के विदेश भागने की आशंका जताई है। भाजपा ने सीबीआई और राज्य की पुलिस से संबंधित आरोपियों के पासपोर्ट को रद्द करने की मांग की है। मामले में भाजपा नेता गौरीशंकर श्रीवास ने आशंका जताते हुए कहा है कि सीजीपीएससी के घोटालेबाज टामन सिंह सोनवानी और उनके सहयोगी भाग खड़े हुए हैं। सीबीआई और पुलिस से अनुरोध है कि इनके पासपोर्ट रद्द किया जाए। यह कभी भी देश छोड़कर भाग सकते हैं।

गौरी शंकर ने कांग्रेस पर भी आरोप लगाते हुए कहा कि कई कांग्रेस नेता और पूर्व सीएम के ओएसडी आरोपियों को बचाने में लगे हैं। इधर सीजीपीएससी घोटाले को लेकर संसद सुनील सोनी का कहना है कि सीजीपीएससी के दोषी कहीं विदेश भागने के फिराक में रहेंगे तो भी उनको पकड़ा जाएगा। पुलिस में आरोपियों के अब तक पासपोर्ट जब्त कर लिया होगा, नहीं किया तो करना चाहिए. जितने लोग पीएससी घोटाले में संलिप्त हैं, सभी को जेल जाना होगा।


#### बीजेपी सरकार ने की है सीबीआई जांच की अनुशंसा


छत्तीसगढ़ में हुए सीजीपीएससी घोटाले में भाजपा सरकार ने सीबीआई जांच की अनुशंसा कर दी है। जल्द ही मामले की जांच सीबीआई शुरू करेगी। ऐसे में उन्होंने कहा है कि सीजीपीएससी के जांच के बाद दोषियों पर कार्रवाई से युवाओं को न्याय मिलेगा। सीजीपीएससी के पूर्व अध्यक्ष टामनसिंह सोनवानी समेत अन्य अधिकारियों पर बालोद जिले में एक और एफआईआर दर्ज हो गया है।. ऐसे में जिस तरह से कानूनी शिकंजा अब सीजीपीएससी अनियमित पर कसते जा रहा है उससे आरोपियों के लिए मुश्किलें बढ़ गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार संबंधित आरोपियों का फोन बंद है और कई आरोपी फरार हैं।

# नितिश दीवान की बढ़ी मुश्किलें

» 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया

» 13 मार्च को होगी अगली सुनवाई, अब तक चल संपत्ति 572.41 करोड़ रुपए जब्त, 142.86 करोड़ रुपए की कुर्क






**रायपुर,29 फरवरी 2024 (ए)।** महादेव सट्टा ऐप के पैनल ऑपरेटर नितिश की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। ईडी की हिरासत में चल रहे नितिश दीवान को आज गुरुवार को रायपुर की विशेष अदालत में पेश किया गया। कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में उसे जेल भेज दिया है। बता दें कि अब 13 मार्च को उसकी अगली सुनवाई होगी।

जानकारी के मुताबिक पिछली सुनवाई में ईडी ने 3 दिन के लिए रिमांड मांगी थी। रिमांड अवधि पूरी होने के बाद उसे पेश किया गया था। आज श्रष्ठ ने कोर्ट में अपना पक्ष रखते हुए नीतीश दीवान को 14 दिन जूडिशियल रिमांड मांगी थी भाई जज ने उसे स्वीकार करते हुए नीतीश दीवान को 14 दिनों के लिए न्यायिक हिरासत पर जेल भेज दिया है।

नितिश दीवान 17 फरवरी को अरेस्ट हुआ था इसके बाद उसे कोर्ट में पेश किया। ईडी ने 14 दिन की रिमांड मांगी थी। दोनों पक्षों को सुनने के बाद न्यायाधीश अजय सिंह राजपूत ने 8 दिन की कस्टोडियल रिमांड दी थी। इस मामले में अगली सुनवाई 24 फरवरी को हुई। इसके बाद 24 फरवरी को दोबारा उसे पेश किया लेकिन विशेष अदालत से नितिश दीवान को कोई राहत नहीं मिली। इस मामले में अभियोजन शिकायतें 20 अक्टूबर 2023 और 1 जनवरी 2024 को दर्ज की गई थी। अब तक 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

पीएमएलए 2002 के तहत की गई तलाशी के दौरान कुल चल संपत्ति 572.41 करोड़ रुपए जब्त किया गया है। दो अनंतिम कुर्की आदेश जारी किए गए हैं। जिनमें 142.86 करोड़ रुपए मूल्य की चल और अचल संपत्तियों को कुर्क किया गया है।

# सीएम विष्णुदेव साय का नाम देश के प्रभावशाली 100 लोगों की सूची में दर्ज



**रायपुर,29 फरवरी 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ के पहले आदिवासी मुख्यमंत्री साय बतौर सीएम बहुत कम समय में ही लोकप्रियता की सीढ़ी चढ़ने लगे हैं। सीएम विष्णुदेव का देश के प्रभावशाली 100 लोगों की सूची में नाम दर्ज है। विष्णुदेव साय दिसंबर 2023 में ही छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री बनाए गए हैं। महज दो महीने के कार्यकाल में ही वे लोकप्रिय होने लगे हैं। सौ प्रभावशाली लोगों में उनका नंबर 77 वां है।

मीडिया समूह 'इंडियन एक्सप्रेस' द्वारा जारी देश के 100 प्रभावशाली लोगों की सूची में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 77वें नंबर पर काबिज हैं। माना जा रहा है कि, मुख्यमंत्री ने अपने दो महीने के कार्यकाल में ही 'मोदी की गारंटी' लागू करने सहित कई उपलब्धियों से जनता के दिल में जगह बना ली है।मुख्यमंत्री साय अपने इस छोटे से कार्यकाल में न केवल आदिवासियों का, बल्कि आम जनता का विश्वास जीतने में सफल हुए हैं। यही वजह है कि उन्हें देश के प्रभावशाली लोगों की सूची में काफी ऊपर जगह मिली है।

## आईपीएल की तर्ज पर छत्तीसगढ़ में होगा सीसीपीएल


**रायपुर,29 फरवरी 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ ने प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी दी। क्रिकेट संघ प्रदेश में छत्तीसगढ़ प्रीमियर लीग का आयोजन जून-जूलाई में करेगा। आयोजन में 6 टीमें शामिल होंगी। लीग में सिर्फ छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी ही होंगे। हर टीम में 15 खिलाड़ी होंगे। लीग के कुल 18 मैच होंगे। इसमें कैटेगरी ए से लेकर डी तक होगी। इस मैच में विजेता को 31 लाख रुपए और उपविजेता को 21 लाख रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा।




## लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने की ब्लाक कमेटी के अध्यक्षों की नियुक्ति

**रायपुर,29 फरवरी 2024 (ए)।** कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ के 3 जिलों के 4 ब्लॉकों में अध्यक्षों की नियुक्ति की है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से इसके लिए आदेश जारी कर दिया गया है। जारी आदेश के मुताबिक विजय राज सिंह चौहान को डोंगरगढ़ नगर, माडवी देवा को दोरनापाल, उग्रसेन साहू को सरिया ब्लॉक का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

## बिलासपुर उच्च न्यायालय में 79 पैनल लॉयर्स की हुई नियुक्ति



#### राज्य शासन ने जारी किया आदेश

**रायपुर,29 फरवरी 2024(ए)।** राज्य शासन के विधि एवं विधाई कार्य विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर में शासन की ओर से पैरवी करने के लिए 79 पैनल लॉयर्स की नियुक्ति की गई है। विभाग द्वारा नियुक्त इन पैनल अधिवक्ताओं का कार्यकाल दो वर्ष का होगा।




प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)